This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
https://rajpatra.hp.gov.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

वीरवार, 23 जुलाई, 2026 / 01 श्रावण, 1948

हिमाचल प्रदेश सरकार

TOURISM & CIVIL AVIATION DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-02, the 16th April, 2026

No. TSM-F(5)-11/2012.—In supersession of this department's notification of even number dated 31-03-2023, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to reconstitute the Governing Body

and Executive Committee of the Naldehra Golf Society, District Shimla, H.P. with immediate effect as under:—

GOVERNING BODY

Hon'ble Chief Minister (*ex-officio*)	. .	*Chief Patron*

Official Member (*ex-officio*)**:—**

1.	Pr. Secretary (Tourism & CA) to the GoHP	. .	*Chairman*
2.	Deputy Commissioner, Shimla	. .	*Member*
3.	Director, Tourism & Civil Aviation, HP, Shimla	. .	*Member*
4.	Managing Director, HPTDC	. .	*Member*
5.	Director, Youth Services & Sports, HP	. .	*Member*

Non-Official Members:—

6.	Shri Anil Walia	. .	*Golf Captain*
7.	Dr. Aman Sachdeva	. .	*Member-Secretary*
8.	Shri Manav Singh	. .	*Member*
9.	Shri Shailender Kaushal	. .	*Member*
10.	Shri Baljit Singh	. .	*Member*

EXECUTIVE COMMITTEE

Official Members (*ex-officio*)**:—**

1.	Pr. Secretary (Tourism &CA) to the GoHP	. .	*Chairman*
2.	Deputy Commissioner, Shimla	. .	*Member*
3.	Director, Tourism & Civil Aviation, HP, Shimla	. .	*Member*
4.	Managing Director, HPTDC, Shimla-1	. .	*Member*
5.	Director, Youth Services & Sports, HP	. .	*Member*

Non-Official Members:—

6.	Shri Anil Walia	. .	*Golf Captain*
7.	Dr. Aman Sachdeva	. .	*Member-Secretary*
8.	Shri Manav Singh	. .	*Member*

9. Shri Shailender Kaushal . . *Member*

10. Shri Baljit Singh . . *Member*

The tenure of the Governing Body/Executive Committee shall be for a period of 3 years and their functions shall be regulated as per Memorandum of Association/Rules & Regulations of Naldehra Golf Society, Shimla.

By order,

Addl. Chief Secretary (Tourism & CA).

शहरी विकास विभाग

अधिसूचना

शिमला–02, 22 जुलाई, 2026

संख्या : यू.डी.–ए.(3)–17 / 2024–सिरमौर.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के नियम 90 के उप–नियम (6) के साथ पठित, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 13) की धारा 27 की उप–धारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिला सिरमौर में नगर परिषद नाहन एवं पावंटा साहिब तथा नगर पंचायत राजगढ़ की बाबत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन को निम्न प्रकार से राजपत्र में अधिसूचित करते हैं :—

क्र0 सं0	नगर निकाय का नाम	निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का नाम व पता	
1.	नगर परिषद, नाहन	**अध्यक्ष**	**उपाध्यक्ष**
		श्रीमति उपमा धीमान, वार्ड संख्या 03, नगर परिषद नाहन, जिला सिरमौर, हि0प्र0।	श्री प्रदीप कुमार, वार्ड संख्या 12, नगर परिषद नाहन, जिला सिरमौर, हि0प्र0।
2.	नगर परिषद, पांवटा साहिब	श्रीमती निर्मल कौर, वार्ड संख्या 01, नगर परिषद पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हि0प्र0।	श्री इन्द्रजीत सिंह, वार्ड संख्या 09, नगर परिषद पांवटा साहिब जिला सिरमौर, हि0प्र0।
3.	नगर पंचायत राजगढ़	श्री विक्रम सिंह, वार्ड संख्या 06, नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हि0प्र0।	श्री नरेन्द्र कुमार ठाकुर, वार्ड संख्या 01, नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हि0प्र0।

उपर्युक्त नगरपालिकाओं के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन का परिणाम, जो एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुमति याचिका (सिविल) डायरी संख्या 35733 / 2026, हिमाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य बनाम संजय चौहान आदि में दिनांक 15–06–2026 को पारित आदेश के अनुसार, माननीय हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाही के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

आदेश द्वारा,

सचिव (शहरी विकास)।

(Authoritative English text of this Department Notification No. UD-A(3)-17/2024-Sirmaur, dated 22-07-2026 as required under clause(3) of Article 348 of the Constitution of India)

URBAN DEVELOPMENT DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 22nd July, 2026

No. UD-A(3)-17/2024-Sirmaur.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 27 of the Himachal Pradesh Municipal Act, 1994 (Act No. 13 of 1994) read with sub-rule (6) of rule 90 of the Himachal Pradesh Municipal Election Rules, 2015 the Governor of Himachal Pradesh is pleased to notify in the Official Gazette election of the President and Vice-President in respect of Municipal Councils Nahan, Paonta Sahib and Nagar Panchayat Rajgarh, District Sirmaur, HP, as under :—

Sl. No.	Name of Municipality	Name & Address of elected President & Vice-President	
1.	Municipal Council, Nahan.	**President**	**Vice-President**
		Smt. Upma Dhiman, Ward No. 03 Municipal Council Nahan, District Sirmaur, H.P.	Sh. Pardeep Kumar, Ward No. 12, Municipal Council Nahan, District Sirmaur, H.P.
2.	Municipal Council, Paonta Sahib.	Smt. Nirmal Kaur, Ward No. 01, Municipal Council Paonta Sahib, District Sirmaur, H.P.	Sh. Inderjeet Singh, Ward No. 09, Municipal Council Paonta Sahib, District Sirmaur, H.P.
3.	Nagar Panchayat, Rajgarh.	Sh. Vikram Singh, Ward No. 06, Nagar Panchayat Rajgarh, District Sirmaur, H.P.	Sh. Narender Kumar Thakur, Ward No. 01, Nagar Panchayat Rajgarh, District Sirmaur, H.P

The result of the election of the President and Vice-President of the above-mentioned municipalities, hereby notified, shall be subject to the final outcome of the proceedings pending before the Hon'ble High Court of Himachal Pradesh, in terms of the order dated 15-06-2026 passed by the Hon'ble Supreme Court in SLP (C) Diary No. 35733/2026-State of Himachal Pradesh *Vs.* Sanjay Chauhan.

By order,

Secretary (UD).

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE,
BILASPUR, DISTRICT BILASPUR

NOTIFICATION

Dated the 20th July, 2026

No. I/926978/2026.—In exercise of the Power conferred upon me under Clause 3(1)(e) of the Himachal Pradesh Hoarding and Profiteering Prevention Order, 1977, I, Rahul Kumar, I.A.S.,

District Magistrate, Bilaspur, District Bilaspur (H.P.) do hereby order that the margin fixed *vide* Notification No. I/889234/2026, dated 03 June, 2026 shall remain in force for a further period of two months.

Sd/-
(RAHUL KUMAR, IAS),
District Magistrate,
Bilaspur, District Bilaspur (H.P.).

FOOD CIVIL SUPPLIES & CONSUMER AFFAIRS DEPARTMENT
HIMACHAL PRADESH DISTRICT BILASPUR

NOTIFICATION

Dated the 20th July, 2026

No. I/926974/2026.—In exercise of the Power conferred upon me under Clause 3(1)(e) of the Himachal Pradesh Hoarding and Profiteering Prevention Order, 1977, I, Rahul Kumar I.A.S., District Magistrate, Bilaspur, District Bilaspur (H.P.) do hereby order that the rate fixed *vide* Notification No. I/885047/2026, dated 27 May, 2026 shall remain in force for a further period of two months.

Sd/-
(RAHUL KUMAR, IAS),
District Magistrate,
Bilaspur, District Bilaspur (H.P.).

TOURISM DEPARTMENT

CANCELLATION ORDER OF TOURISM UNIT

Dated, 16th July, 2026

No. 100426/72676.—Whereas, Tourism Unit namely Himalayan Bulls Pvt. Ltd. at Village and P.O. Khakhnal, Tehsil Manali, District Kullu (H.P.), registered/renewed *vide* No. 2-11/2014-MNL-TD-2081, dated 31-10-2017 under the Himachal Pradesh Tourism Dev. & Registration Act-2002.

Whereas, the Prop. of above unit *vide* his/her application dated *vide* No. 1744-47, Dated 16-07-2026 has requested to cancel its Registration Certificate since he/she has cease to operate the Tourism unit with immediate effect.

Therefore, I Dr. Rohit Sharma H.A.S. Deputy Director Tourism/Dist. Tourism Dev. Officer/ATDO in exercise of the power vested in me under section 30 (a) of Himachal Pradesh Tourism Dev. & Registration Act-2002, hereby order to remove the name of the Tourism unit

namely Himalayan Bulls Pvt. Ltd. at Village and P.O. Khakhnal, Tehsil Manali, District Kullu (H.P.) from the register and cancel its certificate of registration with immediate effect.

Prescribed Authority.
Kullu, District Kullu (H.P.).

राज्य कर एवं आबकारी विभाग

अधिसूचना

शिमला–02, 16 जुलाई, 2026

संख्याः ई0एक्स0एन0–एफ(10)8 / 2021–वॉल–I.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 78 के साथ पठित धारा 10 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस विभाग की अधिसूचना संख्या ईएक्सएन–14–7 / 75–पार्ट–II, तारीख 01–06–1989 द्वारा अधिसूचित और राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में तारीख 30–12–1989 को प्रकाशित हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1989 का संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः—

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (संशोधन) नियम, 2026 है।

(2) इन नियमों का सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य में विस्तार होगा।

(3) यह नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **नियम 2 का संशोधन.**—हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1989 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "उक्त नियम" कहा गया है) के नियम 2 में, —

(क) विद्यमान खंड (1) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्—

(1–क) "कृषि अधिकारी" से, जिला के उप–निदेशक कृषि (डी.डी.ए.) / जिला कृषि अधिकारी (डी.ए.ओ.) या इन नियमों के कार्यान्वयन के प्रयोजन से कृषि विभाग द्वारा नामित कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(1–ख) "प्राधिकृत प्रयोगशाला" से, कोई राज्य सरकार की प्रयोगशाला या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई प्रयोगशाला या राज्य के भीतर या राज्य के बाहर कोई अन्य राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला, प्रत्यापन बोर्ड (एन. ए. बी. एल.) प्रत्यायोजित प्रयोगशाला या बीज, सूखी वनस्पति सामग्री, पुष्प और कैनबिस के पौधे से तात्पर्यित / सम्बंधित अन्य सामग्री की प्रभावशीलता का परीक्षण की अत्याधुनिक सुविधा और उपस्कर वाली कोई राज्य या केन्द्र सरकार की वैज्ञानिक संस्थान प्रयोगशाला अभिप्रेत है;

(1–ग) "प्राधिकृत बीज प्रदात्ता" से, कोई व्यक्ति जिसे समाहर्ता (आबकारी) द्वारा प्ररूप–सी सी–एस में कोई अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, अभिप्रेत है;

(1–घ) "कृषक" से, कोई भू–स्वामी, जो हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 के अनुसार हिमाचल प्रदेश में अवस्थित किसी सम्पदा में व्यक्तिगत रूप से भूमि पर खेती करता है, अभिप्रेत है;

(ख) खंड (3) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थातः—

"(3) "समाहर्ता" से, हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 की धारा 5 की उप–धारा (2) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी अभिप्रेत है;"।

(ग) खंड (4) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थातः—

"(4)"जिला आबकारी अधिकारी" से हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 की धारा 6 की के अधीन सरकार द्वारा नियुक्त उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी / जिला प्रभारी अभिप्रेत है,"।

(घ) खंड (4), के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(4–क) "जिला नोडल अधिकारी" से राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कृषि विभाग का कोई अधिकारी अभिप्रेत है,"।

(4–ख) "जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति" से नियम 34–ख के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(4–ग) "पदाभिहित क्षेत्र" से ऐसा सुरक्षित क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें अनुज्ञप्तिधारी द्वारा औद्योगिक प्रयोजनों हेतु कैनबिस के पौधे (चरस और गांजा को अपवर्जित करके) के संबंध में जुताई (खेती), निष्कषर्ण प्रसंस्करण, उत्पाद, विनिर्माण, भंडारण, सुखाने / परिपक्वन (क्योरिंग), पैकेजिंग, अपशिष्ट निपटान क्षेत्र आदि से संबंधित किसी एक या समस्त कार्यकलापों का संचालन किया जा सकेगा;

(4–घ) "सूखी वानस्पतिक सामग्री" से, कैनबिस के पौधों (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) या उसका कोई भाग जो फसल कटाई के पश्चात् सूख गया है, अभिप्रेत है;

(4–ङ) "शुल्क देय रकम" से, किसी कर से अनन्य निर्मित कैनबिस के पौधे के उत्पाद का विक्रय मूल्य अभिप्रेत है;

(4–च) "राज्य औषधि नियंत्रक" से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी और जिसे औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त "निदेशक आयुष–एवं–अनुज्ञापन प्राधिकारी अभिप्रेत है, आयुर्वेद, योग, युनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के प्रयोजन के लिए नियुक्त किया गया है;

(ङ) खंड (5) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

(5) "राज्य कर एवं आबकारी का आयुक्त" से हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 की धारा 5 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है;

(च) खंड (6) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

(6) "आबकारी अधिकारी" से हिमाचल प्रदेष आबकारी अधिनियम, 2011 के अधीन आबकारी अधिकारी की शक्तियों से निवेशित प्रत्येक अधिकारी अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है;

(छ) खंड (6) के पश्चात् निम्नलिखित अतःस्थापित किया जाएगा, अर्थातः—

"6–क. "आवश्यक स्वापक औषधि" से केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कोई ऐसी स्वापक औषधि अभिप्रेत है जिसे औषधीय एवं वैज्ञानिक प्रयोजन हेतु औषधि विनिर्माण के लिए उपयोग किया जा सकेगा;

"(ज) खंड (7) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:—

(7—क) "मादावृत बीज" से ऐसे कैनबिस बीज अभिप्रेत है, जिनका मादाकर की प्रक्रिया के माध्यम से विशेष रूप से नर क्रोमोसोम हटाने के लिए प्रजनन किया जाता है, ताकि केवल मादा पौधे उत्पादित किए जाएं; और

(7—ख) "स्वदेशी बीज" से, वे कैनबिस के पौधे के बीज से अभिप्रेत है, जो हिमाचल प्रदेश में उगाए जाते हैं या पाए जाते हैं तथा राज्य के किसी विशिष्ट क्षेत्र या परिस्थितिकी तन्त्र के मूल हैं। ऐसे बीजों का स्थानीय स्वदेशी समुदायों द्वारा पीढ़ी—दर—पीढ़ी परम्परागत रूप से संरक्षण या उपयोग किया जा रहा है तथा ये बीज स्थानीय पर्यावरण, जलवायु और मिट्टी (मृदा) की स्थितियों के लिए स्वाभाविक रूप से अनुकूलित है, जो प्रायः उस क्षेत्र की जैव विविधता और कृषि विरासत का प्रतीक है;

(7—ग) "हरित वानस्पतिक सामग्री" से, कैनबिस के पौधों (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) या उसका कोई भाग जिसकी ताजा फसल—कटाई गई है, अभिप्रेत है;

(झ) खंड 9 के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(9—क) "अनुज्ञप्त खेतिहार" से, कोई कृषक या कृषकों की भागीदारी या स्वयं सहायता समूह या कृषक उत्पादक संगठन (एफ पी ओ) या फसल कटाई पश्चात् प्रचालन के प्रबंधन के प्रयोजनार्थ या खेती हेतु न्यूनतम भू—जोत या कृषि / उद्यान विश्वविद्यालय / अनुसंधान संस्थान या किसी राज्य सरकार विभाग की अपेक्षा को पूरा करने के लिए गठित कोई अन्य संगम या सोसाइटी, जिसने हिमाचल प्रदेश राज्य में अनुज्ञप्त निर्माता को विक्रय के प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधे (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) उगाने के लिए इन नियमों के अधीन प्ररूप सीसी—2 में अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त की है, अभिप्रेत है;"

(ञ) खण्ड 10 के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:—

"(10 क) "अनुज्ञप्ति निर्माता" से, कोई व्यक्ति, कंपनी निगम, सार्वजनिक उपक्रम निगमित निकाय, सहकारी समिति या अन्य समिति, क्लब, फर्म, हिन्दू अविभाजित कुटुम्ब या व्यक्तियों के अन्य संगम से अभिप्रेत है, जिसनें ओद्यौगिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस के पौधे आधारित उत्पादों या उनके व्युत्पन्नों के कब्जें, प्रसंस्करण तथा विक्रय हेतु इस आदेश के अधीन प्ररूप सीसी—एम में अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त की है;

(ट) खंड (11) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थाता:—

"(11—क) कैनबिस के "चिकित्सा प्रयोजन" से रजिस्ट्रिकृत चिकित्सा व्यवसायी की पर्ची के अनुसार कैनबिस से अंतर्दिष्ट औषधियों के निर्माण हेतु कैनबिस के उपयोग संबंधी समस्त क्रियाकलाप अभिप्रेत हैं, जब उसे औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अधीन समुचित विनियामक प्राधिकारी द्वारा जारी अनुज्ञप्ति के अधीन निर्मित किया गया है, चाहे वह एलोपैथी चिकित्सा पद्धति या आयुष चिकित्सा पद्धति के अधीन हो;"; और

(ठ) खंड (14) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थाता:—

"(14—क) "कैनबिस के वैज्ञानिक प्रयोजन" से, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए कैनबिस का उपयोग अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत कैनबिस कैनाविनॉएड में पाए जाने वाले विभिन्न ज्ञात और अज्ञात फाइटोकैमिकलस पर अनुसंधान है, जिसके अंतर्गत सी.बी.डी. (कैनाबिडिऔल), सी.बी. डी.ए. टीएचसी (टेट्रा हाइड्रोकैनाविनॉल), टी. एच.सी.ए., सी.बी.जी. (कैनाबिजेरोल), सी.बी.एन. (कैनाविनॉल), टरपेंस, फ्लेवोनॉएडज तक सीमित नहीं के साथ—साथ गृह प्रयोगशाला,

अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, वाणिज्यिक उपक्रमों और औद्योगिक संस्थानों में कार्यान्वित, खेतीबाड़ी, प्रजनन, प्रयोगों, परीक्षणों, विचारणों और अध्ययनों पर अनुसंधान है परन्तु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, "

(14–ख) "राज्य" से हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;"।

(ड) खंड (15) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किए जाएगे, अर्थात्:—

"(15–क) "राज्य स्तरीय पुनर्विलोकन समिति" से नियम 34–क के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;"

3. **नियम 29 का संशोधन.**—उक्त नियमों में नियम 29 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थातः—

"29. कैनबिस के पौधे की खेती—कैनबिस के पौधे की खेती निम्नलिखित शर्तों और निबंधनों के अध्यधीन होगी, अर्थातः–

(1) बीजों का उपापन.—चिकित्सा एवं वैज्ञानिक प्रयोजन के लिए कैनबिस या औद्योगिक प्रयोजन के लिए कैनबिस की खेती हेतु अनुज्ञप्तिधारी कृषक द्वारा बीज स्थानीय (स्वदेशी) स्त्रोतों से, राज्य के भीतर प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ताओं से अन्य राज्यों से निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन आयात करके उपाप्त किया जाएगा, और अन्य राज्यों से बीजों के आयात राज्य के भीतर उपाप्त बीजों (जिसमें स्थानीय / स्वदेशी बीज भी सम्मिलित हैं) की दशा में, कृषक (खेतिहर) अनुज्ञप्ति, ऐसे बीजों की खेती करने से कम से कम इक्कीस दिन पूर्व, सम्बद्ध जिले के कृषि विभाग के नोडल अधिकारी को बीजों को आयात संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करेगा, जिनमें प्राधिकृत प्रदायकर्ताओं द्वारा एन0ए0बी0एल0 प्रयोगशाला या किसी अन्य सरकारी प्राधिकृत प्रयोगशाला से जारी विश्लेषण प्रमाण–पत्र होगा जिसके अंतर्गत कैनाबिनॉएड की शक्ति और संकेन्द्रण विनिर्दिष्ट करते हुए, बीज के प्रकार (कैनबिस स्त्रीकृत या अन्य), टी0एच0सी0 एवं सी0बी0डी0 सहित कैनाबिनॉयड का विवरण अंकित होगा।

(2) प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता के लिए अनुज्ञप्ति.– जो कोई व्यक्ति प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता के रूप में कैनबिस पौधे के बीजों के क्रय, भंडारण और अनुज्ञप्त खेतिहरों को प्रदाय करने हेतु अनुज्ञप्ति करने का आशय रखता है वह उपरोक्त नियमों से संलग्न प्ररूप सीसी–एस –1 में जिला नोडल अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करेगा, जो अपनी अनुशंसाओं सहित आवेदन को जिला आबकारी अधिकारी को अग्रेषित करेगा, जो अपनी अनुशंसाओं सहित उसे सबंद्ध आयुक्त (आबकारी) को भेजेगा। संबंद्ध परिक्षेत्र के आयुक्त (आबकारी) द्वारा इन नियमों की अनुसूची–I में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति शुल्क के संदाय पर इन नियमों में संलग्न प्ररूप सीसी–एस में एक वर्ष की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी। अनुज्ञप्ति, इन नियमों में संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट नवीकरण शुल्क के संदाय पर नवीकरणीय होगीः

परंतु प्ररूप सीसी–एस में अनुज्ञप्तिधारित प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता इस आदेश के अधीन प्ररूप सीसी–2, सीएच–2, सीसी–एमसी–2, सीएच–एमसी–2 और सीसी–आर में अनुज्ञप्तिधारित अनुज्ञप्तिधारियों के सिवाय से अन्यथा किसी अन्य अनुज्ञप्तिधारियों को बीज विक्रय करने का प्राधिकृत नहीं होंगेः

परंतु यह और कि प्ररूप सीसी–एस में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता अपने परिसर में केवल उन ही बीजों का भंडारण करेगा, जिनके संबंध में प्राधिकृत प्रयोगशाला से विष्लेषण प्रमाण–पत्र अभिप्राप्त किया गया हो। प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि स्थानीय, राज्य के भीतर या देश के भीतर से

अभिप्राप्त समस्त बीजों का औद्योगिक, चिकित्सा, मादाकृत या अन्य प्रकार के आधार पर स्पष्ट वर्गीकरण, पृथक्करण एवं पृथक भंडारण किया जाए। इसके अतिरिक्त, बीजों के विक्रय के समय प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता, क्रेता को विक्रय किए गए बीजों की गुणवत्ता के संबंध में विश्लेषण प्रमाण–पत्र जारी करना आज्ञापक रूप से सुनिश्चित करेगाः

परंतु यह और भी कि प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता बीजों के क्रय / प्राप्ति से संबंधित समस्त अभिलेख सुरक्षित रखेगा तथा समय–समय पर प्राप्त, विक्रय किए गए एवं भण्डार में उपलब्ध बीजों का लेख प्ररूप सीसी–एसआर 1 में अनुरक्षित रजिस्टर में रखेगा तथा मांग किए जाने पर उक्त अभिलेख एवं रजिस्टर को आबकारी और कृषक अधिकारी के समक्ष रखेगा। प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता से संबंधित समस्त अनुज्ञप्तियां अस्तांतरणीय तथा अविक्रय होंगी। किसी भी उल्लंघन में, स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी प्रदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए समस्त सुसंगत नियमों के उपबन्ध प्रवृत्त होंगे।

(3) कृषि (खेती) के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन,—

(क) चिकित्सीय और वैज्ञानिक प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधों की खेती के लिए क्षेत्र / क्षेत्रों को राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। उक्त क्षेत्र बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन एवं भौगोलिक रूप से सतत् क्षेत्र तक सीमित होगा। अधिसूचित क्षेत्र में इन नियमों के अधीन खेती हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त करने आशयित कोई भी व्यक्ति प्ररूप सीसी–1 में चिकित्सीय या वैज्ञानिक प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधों की खेती के लिए कृषि विभाग के संबंधित जिला नोडल अधिकारी को आवेदन करेगा, जो अपनी संस्तुतियों सहित उक्त आवेदन को सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी को अग्रेषित करेगा, जो अपनी संस्तुतियों उसे संबंधित समहर्ता (आबकारी) को अग्रेषित करेगा। जिला आबकारी अधिकारी से आवेदन एवं संस्तुतियां प्राप्त होने पर समहर्ता (आबकारी) इन नियमों से संलग्न अनुसूची–I में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति शुल्क के संदाय तथा निम्नलिखित शर्तों के पूर्ण होने के अध्यधीन, प्ररूप सी0सी0–2 में चिकित्सीय और वैज्ञानिक प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधों की खेती के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा:—

(i) वैयक्तिक रूप से या सामूहिक रूप से कृषि (खेती) के लिए प्रस्तावित भू–जोत भौगोलिक रूप से किसी संलग्न क्षेत्र में तीन एकड़ से कम नहीं होगा। न्यूनतम क्षेत्र की सीमा सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों / विश्वविद्यालयों को लागू नहीं होगी;

(ii) आवेदक प्रस्तावित कृषि (खेती) हेतु भूमि के क्षेत्रफल एवं उसकी स्थिति की शुद्धता की पुष्टि करते हुए स्व–प्रमाणित बंध पत्र प्रस्तुत करेगा। यदि किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो आवेदक की अनुज्ञप्ति तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर दी जाएगी।

(iii) आवेदक कृषक अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन के साथ विनिर्माता के साथ निष्पादित क्रय अनुबंध की प्रति प्रस्तुत करेगा। यह अनुबंध कृषक के हितों के संरक्षण तथा यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक होगा कि पूर्व से ही क्रय द्वारा वापिस लेने की व्यवस्था विद्यमान हो, जिससे कृषक द्वारा उत्पादित फसल का विनिर्माता द्वारा अनिवार्य रूप से क्रय किया जाए। कृषक को पृथक अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी। कृषक तथा विनिर्माता अनुज्ञप्तिधारी अपनी–अपनी गतिविधियों / संचालन के लिए संयुक्त रूप से उत्तरदायी

होंगे। कैनबिस के नियमों एवं शर्तों के किसी भी उल्लंघन की स्थिति में अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जाएगी तथा स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

(iv) आवेदक कृषक आवेदन के साथ भूमि का स्थल–योजना, उसके ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) निर्देशांक, जियो टैगिंग तथा गोदाम हेतु निर्धारित क्षेत्र का विवरण प्रस्तुत करेगा।

(v) आवेदक के पास कटाई चक्र प्रारम्भ होने से पूर्व ऐसा भाण्डागार उपलब्ध होना चाहिए, जिसमें इस आदेश के उपबंधों के अधीन बोई गई कैनबिस की फसल का भंडारण किया जा सके तथा जो इन आदेशों में विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों का अनुपालन करता हो; और

(vi) आवेदक, वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क के समतुल्य राशि की प्रतिभूति, सावधि जमा रसीद को संबंधित जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवी रखकर अथवा बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत करेगा।

(ख) कैनबिस के पौधों की खेती एवं कटाई हेतु कोई अनुज्ञप्ति तब तक प्रदान नहीं की जाएगी, जब तक कि आवेदक निम्नलिखित शर्तों को पूर्ण न करता हो, अर्थातः—

(i) यदि आवेदक कोई व्यक्ति, कृषकों का समूह अथवा कृषक संघ हो, तो वह कृषक अथवा पट्टाधारक होना चाहिए; —

(1) यदि आवेदक कोई सहकारी समिति हो, तो उसका पंजीकरण हिमाचल प्रदेश सहकारी समितिया अधिनियम, 1968 के अधीन होना चाहिए; और

(2) स्वयं सहायता समूह, हिमाचल प्रदेश के कृषकों का होना चाहिए।

(ii) आवेदक किसी ऐसे अपराध में दोषसिद्ध न हुआ हो, जिसमें नैतिक अधमता, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, पद अथवा कर्त्तव्यों का दुरुपयोग, प्रभाव का दुरुपयोग अथवा किसी विधि के अधीन दंडनीय अपराध सम्मिलित हो।

(iii) उसके पास स्थल पर अथवा अपने संस्थान में राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड से अनुमोदित परीक्षण सुविधा उपलब्ध हो, जिससे सूखी वानस्पतिक सामग्री की सामर्थ्य का परीक्षण किया जा सके; अथवा किसी प्राधिकृत प्रयोगशाला के साथ ऐसी परीक्षण व्यवस्था उपलब्ध हो।

(ग) समाहर्ता (आबकारी), कृषि विभाग के जिला नोडल अधिकारी और जिला आबकारी अधिकारी की संस्तुतियों के आधार पर आवेदक को अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा अथवा प्रदान करने से इंकार कर सकेगा। अनुज्ञप्ति प्रदान करने से इंकार किए जाने की दशा में समाहर्ता (आबकारी) इसके कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।

(घ) अनुज्ञप्ति एक वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी और इन नियमों से संलग्न अनुसुची–1 में यथा विनिर्दिष्ट नवीकरण शुल्क के संदाय के अध्यधीन

की जा सकेगी। यह अनुज्ञप्ति अहस्तांतरणीय तथा अविक्रय होगी। तथापि, अनुज्ञप्तिधारक की मृत्यु होने की दशा में, अनुज्ञप्ति को उसके विधिक उत्तराधिकारी के नाम अंतरण अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(ङ) उसके पास सुखे वानस्पतिक पदार्थ की प्रभावकारिता के परीक्षण हेतु राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड से प्रत्यायित स्थलस्थित या आंतरिक परीक्षण प्रयोगशाला होगी या इन नियमों के नियम 2 के उपबन्ध (1–ख) के अधीन विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकृत प्रयोगशाला सहित परीक्षण की व्यवस्था होगी।

(च) किसी भी उल्लंघन की दशा में, स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और इसके अधीन बनाए गए सुसंगत नियमों के सभी उपबन्ध लागू होंगे।

(4) प्राधिकृत क्रियाकलाप.—इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, खेती अनुज्ञप्तिधारी इस देश के अधीन निम्नलिखित समस्त अथवा किसी भी क्रियाकलाप को करने के लिए प्राधिकृत होगा, अर्थात:—

(क) खुले किन्तु चारदीवारी / बाड़ से सुरक्षित क्षेत्र में कैनबिस के पौधों की खेती करना;

(ख) फसल की कटाई करना;

(ग) उपज का अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार (वेयरहाउस) में भण्डारण करना; तथा

(घ) इस आदेश में विहित प्रक्रिया के अनुसार अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार से उपज का विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई तक परिवहन करना।

(5) पदाभिहित आबकारी अधिकारी तथा उत्तरदायी प्रभारियों की नियुक्ति—

(क) (i) जिला आबकारी अधिकारी, इस आदेश के अनुसार कैनबिस के पौधों की खेती की निगरानी हेतु आबकारी अधिकारी जो सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी के पद से नीचे की पंक्ति का न हो, को पदाभिहित करेगा।

(ii) कृषि विभाग का जिला नोडल अधिकारी, इस आदेश के अनुसार कैनबिस के पौधों की खेती के पर्यवेक्षण हेतु एक उपयुक्त अधिकारी को पदाभिहित करेगा।

(ख) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी कृषक, निरीक्षण हेतु अनुरोध किए जाने पर, उपर्युक्त 5(क)(i) और (ii) में उल्लिखित निरीक्षण प्राधिकारियों को सभी अपेक्षित लेन–देन अभिलेख, वीडियो एवं सुरक्षा कैमरा (सीसीटीवी) रिकॉर्डिंग, लॉगबुक तथा तौल एवं मापन उपकरण निरीक्षणार्थ उपलब्ध कराएगा। अनुज्ञप्तिधारी कृषक, कैनबिस के पौधे की खेती से संबंधित सभी वर्तमान एवं प्रगतिशील गतिविधियों की सूचना निरीक्षण प्राधिकारियों को देगा तथा यह निरीक्षण प्राधिकारियों का कर्त्तव्य होगा कि वे अनुज्ञप्तिधारी क्षेत्र एवं भाण्डागार का एक माह में कम से कम एक बार नियमित निरीक्षण करें तथा उसके संबंध में प्रतिवेदन तैयार करें; और

(ग) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी कृषक अपनी ओर से अपेक्षित क्रियाकलापों के निष्पादन हेतु एक उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति नियुक्त कर सकेगा। वह ऐसी नियुक्ति की

सूचना जिला आबकारी अधिकारी को देगा। जिला आबकारी अधिकारी आवश्यक जांच करने के उपरांत उक्त नियुक्ति का अनुमोदन करेगा। अनुमोदित उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति को जिला आबकारी अधिकारी द्वारा एक पहचान–पत्र जारी किया जाएगा, जिसे वह कार्य अवधि के दौरान अनिवार्य रूप से अपने साथ धारण करेगा। ऐसा उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति नैतिक अधमता, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, पद अथवा अधिकारों के दुरुपयोग, प्रभाव के व्यापार अथवा किसी भी विधि के अधीन दंडनीय किसी अपराध में दोषसिद्ध नहीं होना चाहिए।

(6) कैनबिस के पौधों की खेती के अधीन क्षेत्र का मापन एवं फसल कटाई प्रक्रियाः—

(क) कृषक अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करते समय आवेदक भूमि के मापन तथा खेती हेतु प्रस्तावित भूमि की स्थिति की शुद्धता की पुष्टि करते हुए स्व–प्रमाणित उपक्रम प्रस्तुत करेगा। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर आवेदक की अनुज्ञप्ति तत्काल निरस्त कर दी जाएगी।

(ख) समस्त मापन मीट्रिक प्रणाली की इकाइयों में किए जाएंगे।

(ग) आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि का विवरण अनुज्ञप्ति की अवधि के दौरान किसी भी समय 5(क)(i) और (ii) में उल्लिखित पदाभिहित अधिकारी द्वारा सत्यापन के अधीन होगा। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता होने पर पदाभिहित आबकारी अधिकारी भूमि के मापन का सत्यापन तहसीलदार अथवा इस प्रयोजन हेतु विधिवत् प्राधिकृत किसी अन्य राजस्व अधिकारी से भी करा सकेगा।

(घ) अनुज्ञप्तिधारी कृषक, बुवाई प्रक्रिया पूर्ण होने के पंद्रह दिवस के भीतर उस संपूर्ण भूमि का विवरण घोषित करेगा, जिस पर उसके द्वारा कैनबिस के पौधे की खेती की गई है।

(ङ) खेती पूर्ण होने के प्श्चात्, किन्तु फसल कटाई से पूर्व, अनुज्ञप्तिधारी इस आशय का स्व–प्रमाणित उपक्रम प्रस्तुत करेगा कि उसने कैनबिस के पौधों की खेती केवल अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र में ही की है तथा उसके पास इन नियमों में परिभाषित आवश्यक सुरक्षा तथा इस आदेश में विनिर्दिष्ट विशेषताओं क्षेत्र में भाण्डागार उपलब्ध है। वह इसकी समस्त जानकारी संबंधित सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी / राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी को उपलब्ध कराएगा, जो इस संबंध में अपनी रिपोर्ट जिला आबकारी अधिकारी को प्रेषित करेगा।

(च) यदि सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी यह पाता है कि अनुज्ञप्तिधारी कृषक ने अनुज्ञप्तिप्राप्त में स्वीकृत क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में कैनबिस के पौधे की खेती की है अथवा लागू प्रावधानों में से किसी का उल्लंघन किया है, तो वह प्रकरण को जिला प्रभारी के माध्यम से समहर्ता (आबकारी) को अग्रेषित करेगा। समहर्ता (आबकारी), आवेदक को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात्, यदि उल्लंघन पाया जाता है, तो अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त करेगा तथा स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबधों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(छ) अनुज्ञप्तिधारी कृषक कैनबिस के पौधों की उपज की कटाई तब तक नहीं करेगा, जब तक कि कटाई प्रारंभ होने की प्रस्तावित तिथि से कम से कम इक्कीस

दिवस पूर्व इस संबंध में प्राधिकृत कृषि अधिकारी एवं आबकारी अधिकारी को लिखित सूचना न दे दी गई हो तथा जिला आबकारी अधिकारी से इस आशय के लिखित आदेश प्राप्त न कर लिए गए हों।

(7) सुरक्षा उपाय.—अनुज्ञप्तिधारी कृषक यह सुनिष्चित करेगा कि निम्नलिखित सुरक्षा एवं संरक्षा उपायों का अनुपालन किया जाए:—

(क) अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र में कैनबिस के पौधों की खेती केवल पूर्णतः घिरे हुए (फेंसिगयुक्त) एवं नियंत्रित वातावरण, अर्थात ग्रीनहाउस अथवा पॉलीहाउस में ही की जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी अपनी आवश्यकता के अनुसार अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र में एक अथवा एकाधिक ग्रीनहाउस / पॉलीहाउस स्थापित कर सकेगा। अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर के बाहर खुले क्षेत्र में अथवा अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर के भीतर किसी रिक्त खुले क्षेत्र में बीजों की बुवाई अथवा कैनबिस फसल का उगाया जाना पुर्णतः निषिद्ध होगा।

(ख) खेती एवं भण्डारण हेतु अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र की परिधि के चारों ओर सभी दिशाओं से समुचित बाड़बंदी (फेसिंग) तथा जियो–टैगिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अनुज्ञप्तिधारित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश न हो।

(ग) अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर में प्रवेश एवं निकास हेतु केवल एक ही प्रवेश / निकास द्वार होगा।

(घ) खेती का क्षेत्र एवं भंडारण क्षेत्र स्पष्ट रूप से पृथक्करण किया जाएगा तथा भाण्डागार समुचित रूप में तालेबंद रखा जाएगा।

(ङ) खेती क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली, निगरानी कैमरे अथवा सीसीटीवी स्थापित किए जाएंगे।

(च) अनुज्ञप्तिधारी कृषक अनुज्ञप्तिप्राप्त खेती क्षेत्र में प्रवेश करने अथवा वहां से बाहर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(छ) स्थल पर अनधिकृत प्रवेश के प्रत्येक प्रयास अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश का अभिलेख अनुरक्षित करेगा, जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त निम्नलिखित विवरण अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे—

(i) घटना की तारीख एवं समय; तथा

(ii) घटना के प्रत्युत्तर में किए गए उपाय तथा उन उपायों को किए जाने की तिथि एवं समय।

(ज) अनधिकृत प्रवेश के प्रत्येक प्रयास अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश की घटना की सूचना घटना घटित होने के चौबीस घंटे के भीतर जिला आबकारी अधिकारी को दी जाएगी। रिपोर्ट में घटना का समस्त आवश्यक विवरण सम्मिलित होंगे, जैसा कि जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अपेक्षित किया जाए। जिला आबकारी अधिकारी स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 अथवा इस आदेश के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(झ) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर के मुख्य बाहरी प्रवेश द्वार के ऊपर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित एक सूचना–पट्ट लगाएगा, जिस पर रंगे हुए अक्षरों में निम्नलिखित विवरण अंकित होगा:—

(i) "कैनबिस की पौधों की खेती हेतु अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर। प्रवेश पुर्णतः निषिद्ध।"

(ii) अनुज्ञप्तिधारी का नाम, संपर्क विवरण, अनुज्ञप्ति की अवधि स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या तथा उसके द्वारा धारित जीपीएस निर्देषाक, हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा दानों भाषाओं में।

(iii) अनुज्ञप्तिधारी, राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा समय–समय पर अपेक्षित नारे या पोस्टर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्षित करेगा।

(8) कैनबिस के पौधों (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) की कटाई एवं तौल की प्रक्रिया:—

(क) अनुज्ञप्तिधारी कृषक फसल की कटाई से इक्कीस दिन पूर्व, उपर्युक्त 5 (क) (i) और (ii) में उल्लिखित पदाभिहित अधिकारियों को लिखित रूप में सूचना देगा। प्रयोजन के लिए कटाई से अभिप्राय खेती किए गए क्षेत्र से कैनबिस पौधे को पूर्णतः उखाड़कर हटाना होगा। इसमें पौधों के स्वास्थेय की दृष्टि से की जाने वाली छंटाई शाखाओं, तनों अथवा पौधे के अन्य भागों का आंषिक निष्कासन, अथवा कीटों, प्रतिकूल मौसम अथवा अन्य कारणों से पूर्णतः नष्ट हो चुके अनुपयोगी पौधों का हटाना सम्मिलित नही होगा।

(ख) अनुज्ञप्तिधारी कृषक अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति, कटाई के दौरान प्रत्येक दिवस की कैनबिस पौधों की कटाई का अभिलेख प्ररूप सीसी–ए में अनुरक्षित कराएगा । इस अभिलेख में हरित वानस्पतिक पदार्थ तथा शुष्क वानस्पतिक पदार्थ दोनों का तौल विवरण अंकित किया जाएगा।

(ग) अनुज्ञप्तिधारी कृषक अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति निम्नलिखित अभिलेख दैनिक आधार पर अनुरक्षित करेगा तथा निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित किए जाने पर प्रस्तुत करेगा:—

(i) पौधों की गणना अर्थात् कैनबिस के प्रत्येक पृथक पौधे की संख्यात्मक गणना।

(ii) प्रत्येक दिवस की हरित वानस्पतिक सामग्री की कटाई पूर्ण होने के उपरांत, उसे अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार में रखने से पूर्व उसका तौल किया जाएगा तथा अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए भाण्डागार को समुचित रूप से तालेबंद रखा जाएगा।

(iii) प्रत्येक कटाई बैच की कुल उपज का भार तथा उस बैच के हरित वानस्पतिक पदार्थ और शुष्क वानस्पतिक पदार्थ का पृथक–पृथक भार अभिलेखित किया जाएगा।

(9) कैनबिस के पौधों के भाण्डागार हेतु अनुज्ञप्ति.–कृषक अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करते समय आवेदक के लिए भाण्डागार अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा। यह आवेदन कृषि विभाग के जिला नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा जो अपनी संस्तुतियों सहित आवेदन को जिला आबकारी अधिकारी को अग्रेषित करेगा, जो इसे संबंधित जोन के समाहर्ता (आबकारी) को इस आदेश के साथ संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट आवेदन शुल्क का संदाय पर चिकित्सीय या वैज्ञानिक प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधों के भंडारण के लिए प्ररूप सीसी–3 में अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने हेतु अग्रेषित करेगा । संबंधित जोन का समाहर्ता (आबकारी), उपर्युक्त

अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर प्ररूप सीसी–4 में कैनबिस के पौधे के भंडारण हेतु अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा। कैनबिस के पौधों के सुरक्षित संरक्षण का संपूर्ण उत्तरदायित्व अनुज्ञप्तिधारी का होगा। अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार अनिवार्य रूप से कैनबिस के पौधों के अधिकृत खेती क्षेत्र के भीतर ही स्थित होगा।

(10) परिसर की सुरक्षा एवं संरक्षा–अनुज्ञप्तिधारी कृषक:—

(क) भाण्डागार का अभिकल्प (डिजाइन) इस प्रकार सुनिश्चित करेगा कि उसमें अनधिकृत प्रवेश न हो सके तथा भण्डारागार में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का अभिलेख अनुरक्षित करेगा। भण्डारागार के नक्शे / आरेख का संबंधित आबकारी क्षेत्रीय समाहर्ता द्वारा विधिवत अनुमोदन किया जाना आवश्यक होगा।

(ख) कटाई की गई कैनबिस के पौधों का अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि स्थल एवं भाण्डागार में प्रवेश केवल उन्हीं व्यक्तियों तक सीमित रहे, जिनकी उपस्थिति उनके आधिकारिक कर्त्तव्यों की प्रकृति अथवा उपज की सुरक्षा, विक्रय या पर्यवेक्षण के संबंध में आवश्यक हो।

(घ) अनुज्ञप्ति–प्राप्त भण्डारागार में प्रवेश करने तथा वहां से बाहर निकलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(ङ) परिसर में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली, निगरानी कैमरे अथवा सीसीटीवी स्थापित करेगा।

(च) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति–प्राप्त परिसर के मुख्य बाह्य प्रवेश द्वार के ऊपर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित एक साइनबोर्ड लगाएगा, जिस पर निम्नलिखित विवरण रंगे हुए अक्षरों में अंकित होंगे]—

(i) "कैनबिस के पौधों" के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्ति–प्राप्त परिसर। प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध।"

(ii) अनुज्ञप्तिधारी का नाम, संपर्क विवरण, अनुज्ञप्ति की अवधि जीपीएस निर्देशाक तथा उसके द्वारा स्थापित कैमरों की संख्या, हिन्दी या अंग्रेजी अथवा दोनों भाषाओं में।

(iii) अनुज्ञप्तिधारी, राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा समय–समय पर अपेक्षित नारे अथवा पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित करेगा।

(11) खेती एवं भण्डारण का अनुश्रवण– औद्योगिक कैनबिस के पौधों की खेती एवं भण्डारण के अनुश्रवण हेतु राज्य सरकार के निम्नलिखित अधिकारी निरीक्षण करने के लिए प्राधिकृत होंगे:—

(क) राज्य कर एवं आबकारी विभाग का ऐसा अधिकारी, जो सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी के पद से नीचे की पंक्ति का न हो।

(ख) कृषि विभाग का ऐसा अधिकारी, जो (एसएमएस / अन्य अधिकारी) अथवा कृषि विभाग द्वारा अधिसूचित के पद से नीचे की पंक्ति का न हो। ।

(ग) पुलिस विभाग का ऐसा अधिकारी, जो उप–पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे की पंक्ति का न हो, जिसके साथ राज्य कर एवं आबकारी विभाग का कम–से–कम

एक अधिकारी, जो सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी के पद से नीचे की पंक्ति का न हो, उपस्थित हो।

(घ) राजस्व विभाग का ऐसा अधिकारी, जो तहसीलदार के पद से नीचे की पंक्ति का न हो, जिसके साथ राज्य कर एवं आबकारी विभाग का कम–से–कम एक अधिकारी, जो सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी के पद से नीचे की पंक्ति का न हो, उपस्थित हो।

(12) कृषक द्वारा औद्योगिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस के निपटान की रीति– इस आदेश के अधीन औद्योगिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस के पौधों (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) की खेती हेतु अनुज्ञप्ति धारित करने वाला प्रत्येक कृषक, कैनबिस के पौधे की प्रत्येक कटाई के पश्चात्, इस आदेश में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार, उत्पाद को इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत अनुज्ञाप्तिप्राप्त गोदाम में स्थानांतरित करेगा। वह कैनबिस के पौधे का निपटान निम्नलिखित रीति से करेगा, अर्थात्.—

(क) राज्य के भीतर किसी अनुज्ञप्तिप्राप्त निर्माता को उत्पाद विक्रय करके; परंतु ऐसा कोई उत्पाद जिला आबकारी अधिकारी द्वारा प्ररूप सीसी–टी में जारी परमिट तथा समक्ष प्राधिकारी अधिकारी द्वारा प्ररूप सीसी–पी में जारी परिपत्र के बिना निर्माता को परिवहित नहीं किया जाएगा; या

(ख) यदि परिस्थितियां ऐसा अपेक्षित करें, तो निम्नलिखित विधियों का पालन करते हुए उसे नष्ट कराकरः—

(i) कम्पोस्टिंग पादप अपशिष्ट को कृषि या उद्यानिकी उपयोग हेतु जैविक कम्पोस्ट अथवा मल्च में परिवर्तित करना।

(ii) अवायवीय पाचन ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में नियंत्रित सूक्ष्मजीवीय पाचन द्वारा जैव–द्रव्य का प्रसंस्करण कर बायोगैस अथवा जैव उर्वरक का उत्पादन करना।

(iii) जैव–प्रसंस्करण पादप अवशेषों को फाइबर बोर्ड इन्सुलेशन अथवा जैव–ईधन जैसे औद्योगिक इनपुट में परिवर्तित करना।

(iv) भूमि अनुप्रयोग पर्यावरणीय विनियमों के अधीन, अपघटित जैविक पदार्थ को मृदा सुधारक के रूप में भूमि में प्रयोग करना।

(v) अथवा उसे जलाकर या अन्यथा नष्ट कराकर।

अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी (आबकारी) को पूर्व सूचना देगा, जो इस संबंध में समाहर्ता (आबकारी) को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। समाहर्ता (आबकारी), जिला आबकारी अधिकारी की अनुशंसाओं की प्राप्ति पर, उक्त उत्पाद के विनाश हेतु उपयुक्त आदेश पारित करेगा। विनाश की संपूर्ण प्रक्रिया का विधिवत अभिलेखीकरण एवं वीडियोग्राफी की जाएगी। विनाश के उपरांत, जिला आबकारी अधिकारी के माध्यम से समाहर्ता (आबकारी) को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

(13) विवरणियों का प्रस्तुतिकरण.—प्रत्येक अनुज्ञप्तिप्राप्त कैनबिस कृषक तथा भाण्डागार अनुज्ञप्तिधारी, हर वर्ष प्रत्येक फसल चक्र की पूर्णता के एक माह के भीतर, इस आदेश से संलग्न प्ररूप में विवरणियां प्रस्तुत करेगा"।

4. नियम 30–क और 30–ख का अंतःस्थापन.—उक्त नियमों में, नियम 30 के पश्चात् निम्नलिखित नियम 30–क और 30–ख अतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थातः—

"30(क) चिकित्सीय एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस उत्पादों का प्रसंस्करण एवं विनिर्माण चिकित्सीय एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस के प्रसंस्करण एवं विनिर्माण पर निम्नलिखित शर्तें लागू होंगीः—

(1) कैनबिस उत्पादों के प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्ति.—आवेदक जिला आबकारी अधिकारी को आवेदन करेगा, जो अपनी संस्तुतियों सहित आवेदन को संबंधित क्षेत्र के समाहर्ता (आबकारी) को अग्रेषित करेगा। समाहर्ता (आबकारी) अपनी संस्तुतियों सहित आवेदन को राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त को प्ररूप सीसी–5 में कैनबिस उत्पादों के प्रसस्करण अथवा विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए अग्रेषित करेगा। राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त, समाहर्ता (आबकारी) से आवेदन एवं संस्तुतियों प्राप्त होने पर इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति शुल्क के भुगतान पर तथा निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्ररूप सीसी–एम में कैनबिस उत्पादों के प्रसस्करण अथवा विनिर्माण की अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा, अर्थात:—

(क) अनुज्ञप्तिधारी, राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त के पक्ष में गिरवी रखी गई पांच लाख रुपये की सावधि जमा रसीद (एफडीआर) अथवा बैंक गारंटी के रूप में प्रतिभूति प्रस्तुत करेगा,

(ख) अनुज्ञप्ति का प्रतिवर्ष इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट नवीकरण शुल्क के संदाय पर नवीकरण किया जाएगा,

(ग) प्रत्येक विनिर्माण इकाई में एक सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी/राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी जो इकाई का प्रभारी होगा,

(घ) अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार से प्ररूप सीसी–टी में परिवहन अनुज्ञा–पत्र के माध्यम से प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण इकाई को भेजी गई समस्त कैनबिस उपज, इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत इकाई प्रभारी सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में ही प्राप्त की जाएगी। यदि किसी खेप के साथ जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जारी प्ररूप सीसी–टी का परिवहन अनुज्ञा–पत्र तथा भाण्डागार प्रभारी द्वारा जारी प्ररूप सीसी–पी का पास संलग्न न हो, तो आबकारी अधिकारी ऐसी खेप प्राप्त नहीं करेगा,

(ङ) विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई में खेप के पहुंचते ही, आबकारी अधिकारी संबंधित इकाई के प्रबंधक अथवा अनुज्ञप्तिधारी द्वारा इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में तौल करके कैनबिस उपज की मात्रा का सत्यापन करेगा,

(च) इस प्रकार प्राप्त समस्त कैनबिस उपज को "कैनबिस भण्डार कक्ष" नामक भण्डार कक्ष में सुरक्षित रखा जाएगा। विनिर्माण इकाई के प्रभारी आबकारी अधिकारी स्टॉक रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा,

(छ) निष्कर्षण अथवा विनिर्माण प्रक्रिया में उपयोग के प्रयोजन से कैनबिस उपज की केवल उतनी ही मात्रा कैनबिस भण्डार कक्ष से निकाली जाएगी, जिसके संबंध में अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर इकाई प्रभारी आबकारी अधिकारी द्वारा लिखित अनुमति प्रदान की गई हो। आबकारी

अधिकारी नियमों के अधीन विहित निर्गमन रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा,

(ज) समस्त तैयार उत्पादों को "तैयार माल भण्डार" में स्थानांतरित किया जाएगा तथा उसका विवरण प्रतिदिन आबकारी अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा, जो विहित रजिस्टर में स्थानांतरित मात्रा की प्रविष्टि करेगा;

(झ) कैनबिस भण्डार कक्ष, विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण क्षेत्र, तैयार माल भण्डार तथा आबकारी अधिकारी का कार्यालय, इकाई के अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर में स्पष्ट रूप से पृथक एवं चिन्हित होंगे;

(ञ) राज्य में विनिर्माण इकाई की स्थापना हेतु न्यूनतम पूंजी निवेश 100 करोड़ रुपये होगा,

(ट) विनिर्माण इकाइयों पर कैनबिस के पौधों के व्यवसाय के वार्षिक कारोबार पर 3 प्रतिशत की दर से राज्य उपकर अधिरोपण (जिसमें 2 प्रतिशत दुग्ध उपकर / अधिरोपण तथा 1 प्रतिशत पर्यावरण उपकर / अधिरोपण सम्मिलित होगा) लगाया जाएगा। इससे प्राप्त आय पशुपालन विभाग तथा पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, हिमाचल प्रदेश को हस्तांतरित की जाएगी,

(ठ) इस नियम के अधीन प्रदत्त सभी संबंधित अनुज्ञप्तिया अहस्तांतरणीय एवं अविक्रय होंगी;

(ड) किसी भी उल्लंघन की स्थिति में, स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए प्रासंगिक नियमों के सभी उपबंध लागू होंगे।

(2) विनिर्माण इकाई द्वारा कैनबिस की खेती हेतु अनुज्ञप्ति– कैनबिस के उत्पादों की खेती के क्षेत्र कृषि विभाग द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे। बेहतर अनुश्रवण सुनिश्चित करने के लिए ऐसे क्षेत्र सघन तथा भौगोलिक रूप से सतत् होंगे।

प्ररूप सीसी–एम में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला कोई भी आवेदक, जो इन आदेशों के अधीन अधिसूचित क्षेत्रों में औद्योगिक प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधों की खेती के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करना चाहता है, संबंधित जिला नोडल अधिकारी को प्ररूप सीसी–एमसी–1 में आवेदन प्रस्तुत करेगा। जिला नोडल अधिकारी अपनी संस्तुति सहित आवेदन को जिला आबकारी अधिकारी को अग्रेषित करेगा, जो अपनी संस्तुति सहित आवेदन को संबंधित समाहर्ता (आबकारी) को अग्रेषित करेगा। समाहर्ता (आबकारी), जिला आबकारी अधिकारी से आवेदन एवं संस्तुतियां प्राप्त होने पर, इस आदेश से संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति शुल्क के भुगतान तथा निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति के अधीन प्ररूप सीसी–एमसी–2 में चिकित्सीय और वैज्ञानिक प्रयोजन हेतु कैनबिस के पौधो की खेती के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा—

(क) खेती के लिए प्रस्तावित व्यक्तिगत अथवा सामूहिक भू–धारण का क्षेत्रफल भौगोलिक रूप से सतत् क्षेत्र में तीन एकड़ से कम नहीं होगा;

(ख) आवेदक, खेती हेतु प्रस्तावित भूमि के क्षेत्रफल तथा स्थान की शुद्धता की पुष्टि करते हुए स्व–प्रमाणित उपक्रम प्रस्तुत करेगा। किसी भी प्रकार की

विसंगति पाए जाने पर आवेदक की अनुज्ञप्ति तत्काल निरस्त कर दी जाएगी;

(ग) कैनबिस संबंधी नियमों एवं शर्तों के किसी भी उल्लंघन की स्थिति में अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जाएगी तथा स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार उपयुक्त कार्यवाही की जाएगी;

(घ) आवेदक कृषक आवेदन के साथ प्रस्तावित भूमि का नक्शा, उसके वैश्विक अवस्थिति प्रणाली (जीपीएस) निर्देशांक, जियो–टैगिंग का विवरण तथा भाण्डागार हेतु नामित क्षेत्र का विवरण प्रस्तुत करेगाः

(ङ) आवेदक के पास कटाई चक्र प्रारंभ होने से पूर्व इस आदेश के उपबंधों के अधीन उत्पादित कैनबिस के पौधों के उत्पादों के औद्योगिक प्रयोजनों के लिए की उपज के भण्डारण हेतु ऐसा भाण्डागार उपलब्ध होगा, जो इस आदेश में विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों को पूरा करता हो; और

(च) आवेदक, वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क के समतुल्य राशि की प्रतिभूति, जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवी रखी गई सावधि जमा रसीद अथवा बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत करेगा;

(छ) आवेदक किसी भी ऐसे अपराध में दोषसिद्ध न हुआ हो, जिसमें नैतिक अधमता भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, शक्ति अथवा पद का दुरुपयोग, प्रभाव के व्यापार अथवा किसी विधि के अधीन दंडनीय अपराध सम्मिलित हो;

(ज) आवेदक के पास सूखी वानस्पतिक सामग्री की सामर्थ्य के परीक्षण हेतु राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा अनुमोदित स्थल–स्थित अथवा आंतरिक परीक्षण सुविधा होगी, अथवा इस नियम खण्ड 1 ख में परिभाषित किसी प्राधिकृत प्रयोगशाला के साथ परीक्षण की व्यवस्था होगी;

(झ) कृषि विभाग के जिला नोडल अधिकारी तथा जिला आबकारी अधिकारी की संतुतियों के आधार पर समाहर्ता (आबकारी) अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा अथवा प्रदान करने से इंकार कर सकेगा। अनुज्ञप्ति प्रदान करने से इंकार किए जाने की स्थिति में, समाहर्ता (आबकारी) उसके कारण लिखित रूप में अभिलिखित करेगा;

(ञ) अनुज्ञप्ति एक वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी तथा इस आदेश से संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट नवीकरण शुल्क के भुगतान पर उसका नवीकरण किया जा सकेगा। यह अनुज्ञप्ति अहस्तांतरणीय तथा अविक्रेय होगी। तथापि, अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु की स्थिति में अनुज्ञप्ति उसके वैध उत्तराधिकारी के नाम हस्तांतरित की जा सकेगी;

(ट) खेती हेतु अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाला अनुज्ञप्ति प्राप्त विनिर्माता, हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 तथा राज्य में प्रवृत्त अन्य लागू विधियों के उपबंधों के अनुसार हिमाचल प्रदेश में खेती हेतु भूमि अर्जित करेगा तथा अपने अधिकार में रखेगा।

(ठ) प्राधिकृत क्रियाकलाप– इन नियमों के अन्य उपबंधों के अधीन रहते हुए, खेती संबंधी अनुज्ञप्ति का धारक निम्नलिखित सभी अथवा किसी भी क्रियाकलापों का संचालन करने के लिए प्राधिकृत होगा—

(i) पूर्णता बंद और घेराबंदी किए गए क्षेत्र में नियंत्रित वातावरण में कैनबिस के पौधों की खेती करना; अर्थात ग्रीन हाउस या पॉली हाउस में खुले क्षेत्र में खेती करना प्रतिबंधित होगा;

(ii) फसल की कटाई करना;

(iii) उपज का अनुज्ञप्ति प्राप्त भाण्डागार में भण्डारण करना; तथा

(iv) इन नियमों में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त भाण्डागार से उपज का विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई तक परिवहन करना।

(ड) पदाभिहित आबकारी अधिकारी तथा उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति की नियुक्ति—

(i) जिला आबकारी अधिकारी, इन नियमों के अनुसार के अधीन कैनबिस के पौधों की खेती के पर्यवेक्षण हेतु सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी के पद से निम्न श्रेणी का न होने वाले किसी आबकारी अधिकारी को पदाभिहित करेगा।

(ii) कृषि विभाग का जिला नोडल अधिकारी, इन नियमों के अनुसार कैनबिस के पौधों के उत्पादों के औद्योगिक प्रयोजनों के लिए खेती के पर्यवेक्षण हेतु एक समुचित अधिकारी को पदाभिहित करेगा।

(iii) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी कृषक, ण (क)(i) और (ii) में उल्लिखित निरीक्षण प्राधिकारियों को, निरीक्षण हेतु मांग किए जाने पर, सभी आवश्यक संव्यवहार अभिलेख, वीडियो एवं सुरक्षा कैमरों की रिकॉर्डिंग, लॉगबुक तथा तौल एवं मापन उपकरण उपलब्ध कराएगा। अनुज्ञप्तिधारी कृषक, कैनबिस (हेम्प) की खेती से संबंधित सभी वर्तमान एवं प्रगतिशील गतिविधियों की सूचना निरीक्षण प्राधिकारियों को देगा। निरीक्षण प्राधिकारियों का यह कर्त्तव्य होगा कि वे अनुज्ञप्ति–प्राप्त क्षेत्र तथा भण्डारगृह का नियमित रूप से कम–से–कम माह में एक बार निरीक्षण करें तथा इस संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

(iv) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी कृषक अपनी ओर से आवश्यक गतिविधियों के संचालन हेतु एक उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति नियुक्त कर सकेगा। वह ऐसी नियुक्ति की सूचना जिला आबकारी अधिकारी को देगा, जो आवश्यक जांच के उपरांत उक्त नियुक्ति का अनुमोदन करेगा। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति को एक पहचान–पत्र जारी किया जाएगा, जिसे वह कार्यावधि के दौरान अनिवार्य रूप से अपने साथ रखेगा। ऐसा उत्तरदायी प्रभारी व्यक्ति नैतिक अधमता, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, शक्ति अथवा पद के दुरुपयोग, प्रभाव के व्यापार अथवा किसी भी विधि के अधीन दंडनीय अपराध में दोषसिद्ध नहीं होना चाहिए।

(ढ) कैनबिस के पौधों की खेती के अधीन क्षेत्र का मापन एवं फसल कटाई प्रक्रिया:—

(क) कृषक अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करते समय आवेदक भूमि के मापन तथा खेती हेतु प्रस्तावित भूमि की स्थिति की शुद्धता की पुष्टि करते हुए स्व–प्रमाणित उपक्रम प्रस्तुत करेगा। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर आवेदक की अनुज्ञप्ति तत्काल निरस्त कर दी जाएगी।

(ख) समस्त मापन मीट्रिक प्रणाली की इकाइयों में किए जाएंगे।

(ग) आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि का विवरण अनुज्ञप्ति की अवधि के दौरान किसी भी समय 5(क)(i) और (ii) में उल्लिखित पदाभिहित अधिकारी द्वारा सत्यापन के अधीन होगा। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता होने पर पदाभिहित आबकारी अधिकारी भूमि के मापन का सत्यापन तहसीलदार अथवा इस प्रयोजन हेतु विधिवत प्राधिकृत किसी अन्य राजस्व अधिकारी से भी करा सकेगा।

(घ) अनुज्ञप्तिधारी कृषक, बुवाई प्रक्रिया पूर्ण होने के पंद्रह दिवस के भीतर उस संपूर्ण भूमि का विवरण घोषित करेगा, जिस पर उसके द्वारा कैनबिस के पौधे की खेती की गई है।

(ङ) खेती पूर्ण होने के पश्चात्, किन्तु फसल कटाई से पूर्व, अनुज्ञप्तिधारी इस आशय का स्व–प्रमाणित उपक्रम प्रस्तुत करेगा कि उसने कैनबिस के पौधों की खेती केवल अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र में ही की है तथा उसके पास इन नियमों में परिभाषित आवश्यक सुरक्षा तथा इस आदेश में विनिर्दिष्ट विशेषताओं क्षेत्र में भाण्डागार उपलब्ध है। वह इसकी समस्त जानकारी संबंधित सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी / राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी को उपलब्ध कराएगा, जो इस संबंध में अपनी रिपोर्ट जिला आबकारी अधिकारी को प्रेषित करेगा।

(च) यदि सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी यह पाता है कि अनुज्ञप्तिधारी कृषक ने अनुज्ञप्तिप्राप्त में स्वीकृत क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में कैनबिस के पौधे की खेती की है अथवा लागू प्रावधानों में से किसी का उल्लंघन किया है, तो वह प्रकरण को जिला प्रभारी के माध्यम से समहर्ता (आबकारी) को अग्रेषित करेगा। समहर्ता (आबकारी), आवेदक को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात्, यदि उल्लंघन पाया जाता है, तो अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त करेगा तथा स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबधों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(छ) अनुज्ञप्तिधारी कृषक कैनबिस के पौधों की उपज की कटाई तब तक नहीं करेगा, जब तक कि कटाई प्रारंभ होने की प्रस्तावित तिथि से कम से कम इक्कीस दिवस पूर्व इस संबंध में प्राधिकृत कृषि अधिकारी एवं आबकारी अधिकारी को लिखित सूचना न दे दी गई हो तथा जिला आबकारी अधिकारी से इस आशय के लिखित आदेश प्राप्त न कर लिए गए हों।

(ण) सुरक्षा उपायः–अनुज्ञप्तिधारी कृषक यह सुनिश्चित करेगा कि निम्नलिखित सुरक्षा एवं संरक्षा उपायों का अनुपालन किया जाए:—

(i) अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र में कैनबिस के पौधों की खेती केवल पूर्णतः घिरे हुए (फेंसिगयुक्त) एवं नियंत्रित वातावरण, अर्थात ग्रीनहाउस अथवा पॉलीहाउस में ही की जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी अपनी आवश्यकता के अनुसार अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र में एक अथवा एकाधिक ग्रीनहाउस / पॉलीहाउस स्थापित कर सकेगा। अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर के बाहर खुले क्षेत्र में अथवा अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर के भीतर किसी रिक्त खुले क्षेत्र में बीजों की बुवाई अथवा कैनबिस फसल का उगाया जाना पुर्णतः निषिद्ध होगा।

(ii) खेती एवं भण्डारण हेतु अनुज्ञप्तिप्राप्त क्षेत्र की परिधि के चारों ओर सभी दिशाओं से समुचित बाड़बंदी (फेंसिंग) तथा जियो–टैगिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अनुज्ञप्तिधारित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेष न हो।

(iii) अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर में प्रवेश एवं निकास हेतु केवल एक ही प्रवेशा / निकास द्वार होगा।

(iv) खेती का क्षेत्र एवं भंडारण क्षेत्र स्पष्ट रूप से पृथक एवं चिन्हित होंगे तथा भाण्डागार समुचित ताले के अधीन रहेगा।

(v) खेती क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली, निगरानी कैमरे अथवा सीसीटीवी स्थापित किए जाएंगे।

(vi) अनुज्ञप्तिधारी कृषक अनुज्ञप्तिप्राप्त खेती क्षेत्र में प्रवेश करने अथवा वहां से बाहर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(vii) अनुज्ञप्तिधारी कृषक, स्थल पर किसी भी प्रकार के अनधिकृत प्रवेश अथवा अनधिकृत प्रवेश के प्रयास का अभिलेख अनुरक्षित करेगा, जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त निम्नलिखित विवरण अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे—

(क) घटना की तारीख एवं समय; तथा

(ख) घटना के प्रत्युत्तर में किए गए उपाय तथा उन उपायों को किए जाने की तारीख एवं समय।

(viii) अनधिकृत प्रवेश के प्रत्येक प्रयास अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश की घटना की सूचना घटना घटित होने के चौबीस घंटे के भीतर जिला आबकारी अधिकारी को दी जाएगी। उक्त रिपोर्ट में घटना से संबंधित सभी आवश्यक विवरण सम्मिलित होंगे, जैसा कि जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अपेक्षित किया जाए। जिला आबकारी अधिकारी स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 अथवा इस आदेश के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(ix) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति–प्राप्त परिसर के मुख्य बाह्य प्रवेश द्वार के ऊपर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित एक साइनबोर्ड लगाएगा, जिस पर निम्नलिखित विवरण रंगे हुए अक्षरों में अंकित होंगे–

(क) "कैनबिस की खेती हेतु अनुज्ञप्ति–प्राप्त परिसर। प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध।"

(ख) अनुज्ञप्तिधारी का नाम, संपर्क विवरण, अनुज्ञप्ति की अवधि, जीपीएस निर्देशांक तथा उसके द्वारा स्थापित कैमरों की संख्या, हिन्दी या अंग्रेजी अथवा दोनों भाषाओं में।

(ग) अनुज्ञप्तिधारी, राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा समय–समय पर अपेक्षित नारे अथवा पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित करेगा।

(त) कैनबिस के पौधों (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) की फसल कटाई एवं तौल की प्रक्रिया—

(i) अनुज्ञप्तिधारी कृषक, कैनबिस के पौधों की फसल कटाई से कम–से–कम इक्कीस दिन पूर्व उपर्युक्त खंड ड (i) और (ii) में उल्लिखित नामित अधिकारियों को लिखित रूप में सूचना देगा। फसल कटाई से अभिप्राय खेती किए गए क्षेत्र से कैनबिस पौधों का पूर्णतः उन्मूलन होगा। इसमें पौधों के स्वास्थ्य की उद्देश्य से की जाने वाली छंटाई, शाखाओं, तनों अथवा पौधों के भागों को आंशिक रूप से हटाना अथवा कीट, प्रतिकूल मौसम या अन्य कारणों से पूर्णतः नष्ट हो चुके अनुपयोगी पौधों को हटाना सम्मिलित नहीं होगा।

(ii) अनुज्ञप्तिधारी कृषक अथवा उसके द्वारा विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति, फसल कटाई के दौरान प्रत्येक दिवस की कटाई का अभिलेख प्ररूप सीसी–2क में अनुरक्षित करेगा या अनुरक्षित करवाएगा, उक्त अभिलेख में हरे तथा सुखाए गए वानस्पतिक पदार्थ की पृथक–पृथक तौल का विवरण अंकित किया जाएगा।

(iii) अनुज्ञप्तिधारी कृषक अथवा उसका प्राधिकृत व्यक्ति निम्नलिखित अभिलेख प्रतिदिन अनुरक्षित करेगा तथा निरीक्षण प्राधिकारियों द्वारा अपेक्षित किए जाने पर प्रस्तुत करेगा,—

(क) पौधों की संख्या, अर्थात प्रत्येक व्यकितगत कैनबिस पौधों की संख्यात्मक गणना।

(ख) प्रत्येक दिवस की हरी वानस्पतिक सामग्री की कटाई पूर्ण होने के उपरान्त, उसे अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार में रखने में पूर्व उसकी तौल करेगा तथा भाण्डागार को अनधिकृत प्रवेश से सुरक्षित रखने के लिए विधिवत बंद एवं सुरक्षित रखेगा।

(ग) प्रत्येक कटाई बैच के संबंध में फसल का कुल भार, हरी वानस्पतिक सामग्री का भार तथा सुखाई गई वानस्पतिक सामग्री का भार पृथक–पृथक अभिलेखित करेगा।

(थ) कैनबिस के पौधों के भाण्डागार हेतु अनुज्ञप्ति–कृषक अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करते समय, आवेदक के लिए अनिवार्य होगा कि वह कृषि विभाग के जिला नोडल अधिकारी के माध्यम से भाण्डागार अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करे। जिला नोडल अधिकारी अपनी संस्तुति सहित उक्त आवेदन को जिला आबकारी अधिकारी को अग्रेषित करेगा, जो अपनी अनुशंसा

सहित संबंधित क्षेत्र के समाहर्ता (आबकारी) को चिकित्सा अथवा वैज्ञानिक प्रयोजनों हेतु कैनबिस के पौधों के भण्डारण के लिए प्ररूप सीसी–एमसी–3 में, इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट आवेदन शुल्क के भुगतान पर, प्रदान किए जाने के लिए अग्रेषित करेगा। उपर्युक्त अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर संबंधित क्षेत्र का समाहर्ता (आबकारी), कैनबिस के भण्डारण हेतु प्ररूप सीसी–एमसी–4 की अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा। कैनबिस के पौधों को सुरक्षित अभिरक्षा का पूर्ण दायित्व अनुज्ञप्तिधारी का होगा। अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार कैनबिस पौधे के अधिकृत खेती क्षेत्र के भीतर ही स्थित होगा।

(द) परिसर की सुरक्षा एवं संरक्षा–अनुज्ञप्तिधारी कृषक,—

(i) भाण्डागार का अभिकल्प इस प्रकार करेगा कि उसमें किसी भी प्रकार का अनधिकृत प्रवेश रोका जा सके तथा भाण्डागार में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का अभिलेख अनुरक्षित करेगा। भाण्डागार का नक्शा / आरेख संबंधित क्षेत्रीय समाहर्ता (आबकारी) द्वारा विधिवत अनुमोदित कराया जाएगा।

(ii) कटाई की गई कैनबिस के पौधों के अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(iii) यह सुनिश्चित करेगा कि स्थल एवं भाण्डागार में प्रवेश केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त हो, जिनकी उपस्थिति उनके शासकीय कर्त्तव्यों की प्रकृति अथवा उपज की सुरक्षा, विक्रय अथवा पर्यवेक्षण के लिए आवश्यक हो।

(iv) अनुज्ञप्ति प्राप्त भाण्डागार में प्रवेश करने एवं बाहर निकलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(v) परिसर में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली, निगरानी कैमरे अथवा सीसीटीवी स्थापित करेगा।

(vi) अनुज्ञप्तिधारी, अपने अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर के मुख्य प्रवेशद्वार के ऊपर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित एक साइनबोर्ड लगाएगा, जिस पर रंगीन अक्षरों में निम्नलिखित विवरण अंकित होंगे,—

(क) "कैनबिस के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर । प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध"

(ख) अनुज्ञप्तिधारी का नाम, संपर्क विवरण, अनुज्ञप्ति की अवधि, जीपीएस निर्देशाक, तथा उसके द्वारा स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी या दोनों भाषाओं में अंकित होगी।

(ग) अनुज्ञप्तिधारी, राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा समय–समय पर निर्देषित किए जाने पर विभाग द्वारा निर्धारित जन–जागरूकता संबंधी स्लोगन अथवा पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित करेगा।

(ध) कैनबिस के पौधों की खेती एवं भाण्डागार की निगरानी.—कैनबिस के पौधों की खेती एवं भण्डारण भाण्डाागार की निगरानी हेतु निरीक्षण करने

के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित अधिकारी निरीक्षण करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है, अर्थात्.—

(i) राज्य कर एवं आबकारी विभाग का ऐसा अधिकारी, जो सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी के पद से नीचे की पंक्ति का न हो।

(ii) कृषि विभाग का ऐसा अधिकारी, जो विषय वस्तु विशेषज्ञ अथवा कृषि विभाग द्वारा अधिसूचित अन्य अधिकारी के पद से नीचे के पंक्ति का न हो।

(iii) पुलिस विभाग का पुलिस अधीक्षक या उससे उच्च श्रेणी का अधिकारी, जो निरीक्षण के समय राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी या उससे उच्च पंक्ति के कम–से–कम एक अधिकारी की साथ होगा।

(iv) राजस्व विभाग का तहसीलदार या उससे उच्च पंक्ति का अधिकारी जो निरीक्षण के समय राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी या उससे उच्च पंक्ति का कम–से–कम एक अधिकारी साथ होगा।

(न) कृषक द्वारा कैनबिस के पौधों के निपटान की रीति.—इन नियमों के अधीन चिकित्सीय एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस के पौधों (चरस एवं गांजा को उपवर्जित करके) की खेती करने हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त प्रत्येक कृषक, कैनबिस पौधों की प्रत्येक फसल की कटाई के उपरांत, उन नियम में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार उपज को इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत अनुज्ञप्तिप्राप्त भाण्डागार में स्थानांतरित करेगा। वह कैनबिस के पौधों का निपटान निम्नलिखित रीति से करेगा,—

(i) राज्य के भीतर किसी अनुज्ञप्ति प्राप्त विनिर्माता को उपज का विक्रय करके परंतु यह है कि ऐसी कोई भी उपज, जिला आबकारी अधिकारी द्वारा प्ररूप सीसी–टी में जारी अनुज्ञापत्र तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्ररूप सीसी–पी में जारी परिपत्र के बिना विनिर्माता तक परिवहित नहीं की जाएगी, अथवा

(ii) यदि परिस्थितियों ऐसी अपेक्षा करें, तो निम्नलिखित विधियों में से किसी एक विधि द्वारा उसका विनाश कराके.—

(क) कम्पोस्टिंग– पादप अपशिष्ट को कृषि अथवा उद्यानिकी उपयोग हेतु जैविक कम्पोस्ट अथवा मल्च में परिवर्तित करना।

(ख) अवायवीय अपघटन–ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में नियंत्रित सूक्ष्मजीवी अपघटन द्वारा जैव–पिण्ड का प्रसंस्करण कर बायोगैस अथवा जैव उर्वरक का उत्पादन करना।

(ग) जैव–प्रसंस्करण– पादप अवशेषों का रूपांतरण औद्योगिक उपयोग की सामग्रियों, जैसे फाइबर बोर्ड, इन्सुलेशन सामग्री अथवा जैव–ईंधन में करना।

(घ) भूमि पर उपयोग–पर्यावरणीय विनियमों के अधीन विघटित जैविक पदार्थ का मृदा–संशोधक के रूप में भूमि पर उपयोग करना।

(ङ) अग्नि द्वारा दहन अथवा अन्य किसी विधि से उसका विनष्टीकरण कराना।

अनुज्ञप्तिधारी कृषक इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी की पूर्व सूचना देगा, जो अपनी संस्तुति सहित प्रकरण समाहर्ता (आबकारी) को प्रेषित करेगा। समाहर्ता (आबकारी), जिला आबकारी अधिकारी की संस्तुतियाँ प्राप्त होने पर उक्त उपज के विनष्टीकरण के संबंध में उपयुक्त आदेश पारित करेगा। विनष्टीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया का समुचित अभिलेखीकरण तथा वीडियोग्राफी की जाएगी। विनष्टीकरण के उपरांत, जिला आबकारी अधिकारी के माध्यम से समाहर्ता (आबकारी) को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

(प) विवरणियों का प्रस्तुतिकरण.—प्रत्येक अनुज्ञप्ति प्राप्त कैनबिस कृषक तथा अनुज्ञप्तिधारी भण्डारणगार, प्रत्येक फसल चक्र की समाप्ति के एक माह के भीतर, विहित प्ररूप में विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(फ) किसी उल्लंघन की दषा में, स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए प्रासंगिक नियमों के सभी उपबंध लागू होंगे।

(3) अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण परिसरों की सुरक्षा एवं संरक्षा– प्रत्येक अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई निम्नलिखित प्रबंध सुनिश्चित करेगी, अर्थात्.—

(क) परिसर का अभिकल्प इस प्रकार किया जाएगा कि अनधिकृत प्रवेश को रोका जा सके।

(ख) प्रत्येक परिसर को ऐसी भौतिक परिधि से घेरा जाएगा, जो किसी भी अनधिकृत प्रवेश को रोकने में सक्षम हो।

(ग) परिसर की परिधि की पूरे समय दृश्य अभिलेखन उपकरणों द्वारा निगरानी की जाएगी, जिससे परिसर में किसी भी प्रयासित अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश का पता लगाया जा सके। ऐसे उपकरण, जिन परिस्थितियों में उनका उपयोग किया जा रहा हो, उनमें किसी भी प्रयासित अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश तथा किसी भी अवैध गतिविधि का दृश्य अभिलेखन करने में सक्षम होंगे।

(घ) परिसर की परिधि को ऐसे अतिक्रमण पहचान तंत्र द्वारा सुरक्षित किया जाएगा, जो निरंतर क्रियाशील रहे तथा परिसर में किसी भी प्रयासित अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश तथा उक्त प्रणाली के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के प्रयास अथवा वास्तविक छेड़छाड़ का पता लगाने में सक्षम हो उक्त अतिक्रमण पहचान तंत्र की भी पूरे समाय निगरानी की जाएगी।

(ङ) प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण इकाई में प्रवेश करने वाले अथवा वहां से बाहर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का अभिलेख अनुरक्षित किया जाएगा।

(च) परिसर में किसी भी प्रयासित अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश का अभिलेख अनुरक्षित किया जाएगा, जिनमें अन्य बातों के अतिरिक्त निम्नलिखित विवरण अनिवार्य रूप में सम्मिलित होंगे.—

(i) घटना की तारीख एवं समय; तथा

(ii) घटना के प्रत्युत्तर में किए गए उपायों का विवरण, जिसमें ऐसे उपाय किए जाने की तारीख एवं समय भी विनिर्दिष्ट होगा;

(छ) किसी भी प्रकार के प्रयासित अथवा वास्तविक अनधिकृत प्रवेश अथवा पहुँच की घटना की सूचना घटना घटित होने के चौबीस घंटे के भीतर जिला आबकारी अधिकारी को दी जाएगी। ऐसी सूचना में घटना से संबंधित वे सभी आवश्यक विवरण सम्मिलित होंगे, जिनकी अपेक्षा जिला आबकारी अधिकारी द्वारा की जाए। जिला आबकारी अधिकारी अधिनियम तथा इन नियमों के उपबंधों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करेगा।

(ज) जिस कक्ष अथवा कक्षों में कैनबिस के पौधों के उत्पाद, कच्चा कैनबिस अथवा कैनबिस तेल का भण्डारण किया जाता है, उन पर राज्य कर एवं आबकारी विभाग का राजस्व ताला लगाया जाएगा।

(झ) अनुज्ञप्तिधारक अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के ऊपर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित एक सूचना–पट्ट लगाएगा, जिस पर निम्नलिखित विवरण हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा दोनों भाषाओं में स्पष्ट एवं स्थायी अक्षरों में अंकित होंगे, अर्थाता:—

(i) "कैनबिस उपज / उत्पाद के प्रसंस्करण एवं विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर। प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध।"

(ii) अनुज्ञप्तिधारक का नाम, संपर्क विवरण, अनुज्ञप्ति की वैधता अवधि, जी.पी.एस. निर्देशांक तथा परिसर में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों की संख्या।

(iii) अनुज्ञप्तिधारक राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा समय–समय पर अपेक्षित नारे अथवा पोस्टर परिसर में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

(4) विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई द्वारा अनुरक्षित किए जाने वाले लेखे.—इन नियमों के अधीन कैनबिस का कब्जा रखने वाली प्रत्येक अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई—

(क) समय–समय पर प्राप्त, उपयोग की गई तथा भण्डार में उपलब्ध कैनबिस उपज का लेखा इन नियमों के अधीन अनुरक्षण रजिस्टर में रखेगी। यह लेखा स्पष्ट, शुद्ध एवं दैनिक आधार पर अद्यतन किया जाएगा तथा ऐसा रजिस्टर (डिजिटल रजिस्टर सहित) आबकारी अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित होगा। क्रय से संबंधित प्रत्येक प्रविष्टि में क्रय की तिथि, मूल्य, उस अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक का नाम तथा पता, जिससे क्रय किया गया है, सहित सभी आवश्यक विवरण अंकित किए जाएंगे।

(ख) लेखा–पुस्तकों एवं अभिलेखों का अनुरक्षण इस प्रकार किया जाएगा कि उनसे इन नियमों के अधीन दायित्वों, उत्तरदायित्वों तथा अनुपालन का सत्यापन किया जा सके तथा अनुज्ञप्ति शुल्क के भुगतान अथवा किसी धनवापसी या रियायत जिसका दावा किया गया हो अथवा प्राप्त की गई हो का सत्यापन संभव हो।

(ग) उपर्युक्त लेखों को लेखा–पुस्तक में की गई अंतिम प्रविष्टि की तिथि से कम–से–कम पाँच वर्ष की अवधि तक सुरक्षित रखा जाएगा तथा आबकारी अधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय मांग किए जाने पर प्रस्तुत किया जाएगा।

(घ) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् पंद्रह दिवस के भीतर, अनुज्ञप्तिधारक पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान कैनबिस उपज की खपत तथा वर्ष के अंतिम दिन उपलब्ध भण्डार के संबंध में राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त द्वारा इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट प्ररूप में अपेक्षित सूचना आबकारी अधिकारी अथवा उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए विधिवत प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

परन्तु यह कि, इन नियमों के अधीन अनुरक्षित किए जाने वाले लेखों एवं अभिलेखों के अतिरिक्त, राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त, आदेश द्वारा, इन नियमों के प्रयोजनों की पूर्ति के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे अन्य अभिलेखों के विनिर्दिष्ट प्ररूप में अनुरक्षण तथा ऐसी विवरणियों को प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दे सकेगा।

(5) अनुसंधान एवं विश्लेषणात्मक परीक्षण हेतु अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के लिए आवेदनः– कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, निजी प्रतिष्ठान अथवा प्ररूप सीसी–एम में कैनबिस उत्पादों के प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त अनुज्ञप्तिधारक, अनुसंधान एवं सीसी विश्लेषणात्मक परीक्षण के प्रयोजनार्थ प्ररूप सीसी–7 में अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु संबंधित जिला प्रभारी को आवेदन कर सकेगा। जिला प्रभारी अपनी संस्तुतियों सहित उक्त आवेदन संबंधित समाहर्ता को अग्रेषित करेगा, जो अपनी संस्तुतियों सहित उसे राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त को अग्रेषित करेगा।

ऐसी अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के लिए आवेदक को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना आवश्यक होगा, अर्थातः—

(क) यदि आवेदक कोई व्यक्ति है, तो उसे किसी भी विधि के अधीन नैतिक अधमता भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, शक्ति अथवा पद के दुरुपयोग, प्रभाव के दुरुपयोग अथवा मादक द्रव्य से संबंधित किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध नहीं किया गया होना चाहिए।

(ख) यदि आवेदक कोई संस्था, शासकीय विभाग, निजी प्रतिष्ठान अथवा प्ररूप सीसी–एम में कैनबिस उत्पादों के प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त अनुज्ञप्तिधारक है, तो उसके सभी हस्ताक्षरकर्ता भागीदार अथवा हितधारक किसी भी विधि के अधीन नैतिक अधमता, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, शक्ति अथवा पद के दुरुपयोग, प्रभाव के दुरुपयोग अथवा मादक द्रव्य से संबंधित किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध नहीं होने चाहिए।

(ग) अनुसंधान कार्य के संबंध में आवेदक प्रस्तावित अनुसंधान परिकल्पना की एक प्रति राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त को प्रस्तुत करेगा।

(घ) चिकित्सीय और वैज्ञानिक परीक्षण के प्रयोजनार्थ औषधीय एवं वैज्ञानिक उपयोग हेतु कैनबिस की खेती के लिए क्षेत्र अथवा क्षेत्र राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे। बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसा क्षेत्र सुसंगठित एवं भौगोलिक दृष्टि से संतत

होगा। कैनबिस की खेती केवल अधिसूचित क्षेत्र अथवा क्षेत्रों में ही की जाएगी।

(6) अनुसंधान एवं विश्लेषणात्मक परीक्षण हेतु अनुज्ञप्ति प्रदान किया जाना—

अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट शुल्क के संदाय पर, राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं परीक्षण के प्रयोजनार्थ प्ररूप सीसी–आर में अनुज्ञप्ति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान की जाएगी, अर्थाताः—

(क) यह अनुज्ञप्ति अहस्तांतरणीय तथा अविक्रेय होगी।

(ख) अनुज्ञप्तिधारक अनुसंधान एवं परीक्षण के प्रयोजनार्थ खेती से संबंधित अपनी समस्त गतिविधियाँ केवल अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार ही संचालित करेगा।

(ग) अनुसंधान एवं विश्लेषणात्मक परीक्षण के प्रयोजनार्थ कैनबिस की खेती का क्षेत्रफल दो हजार वर्ग मीटर से अधिक नहीं होगा।

(घ) अनुज्ञप्तिधारक अनुसंधान एवं परीक्षण के प्रयोजनार्थ उत्पादित, प्राप्त तथा उपयोग की गई कैनबिस की प्रत्येक खेप का अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

(ङ) अनुज्ञप्तिधारक परीक्षण पूर्ण होने के पश्चात, राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त की पूर्वानुमति प्राप्त कर, परीक्षण हेतु उसे वितरित किसी भी लॉट अथवा बैच के कैनबिस के सभी नमूनों तथा उन नमूनों से प्राप्त समस्त कैनबिस का परीक्षण पूर्ण होने की तिथि से नब्बे दिवस के भीतर विनाश करेगा।

(च) खेती, अनुसंधान तथा भण्डारण क्षेत्रों की परिधि के चारों ओर समुचित घेराबंदी तथा भू–अंकन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसर में किसी भी प्रकार का अनधिकृत प्रवेश न हो।

(छ) अनुज्ञप्तिधारक स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के सभी उपबंधों का पालन करेगा। उपर्युक्त उपबंधों के किसी भी उल्लंघन की स्थिति में, परिस्थितियों के अनुसार, अनुज्ञप्ति निलंबित अथवा निरस्त की जा सकेगी।

(ज) अनुज्ञप्ति का धारक निम्नलिखित गतिविधियाँ कर सकेगा, अर्थात्—

(i) कैनबिस की खेती करना;

(ii) कैनबिस (चरस एवं गांजा को उपवर्जित करके) का कब्जा रखना / धारित करना;

(iii) कैनबिस (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) का प्रसंस्करण करना;

(iv) अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट स्थलों के मध्य कैनबिस (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) का परिवहन करना, भेजना अथवा परिदान करना; तथा

(v) वैज्ञानिक अथवा अनुसंधान प्रयोजनों के लिए किसी भी विधि द्वारा कैनबिस (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) के रासायनिक अथवा भौतिक गुणों में परिवर्तन करके उसका उत्पादन करना।

परन्तु यह कि, अनुज्ञप्तिधारक के कब्जे में विद्यमान किसी भी उपज अथवा उत्पाद का किसी भी प्रकार से विक्रय अनुज्ञेय नहीं होगा।

(झ) इन नियमों के किसी भी उपबंध के उल्लंघन की दशा में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए प्रासंगिक नियमों के सभी उपबंध लागू होंगे।

(7) कैनबिस उपज के परिवहन हेतु परमिट एवं परिपत्र.—

(क) इन नियमों के अधीन कैनबिस उपज की प्राप्ति तथा उसके परिवहन के लिए कोई भी प्राधिकृत व्यक्ति परमिट प्रदान किए जाने हेतु जिला आबकारी अधिकारी को आवेदन कर सकेगा।

(ख) जिला आबकारी अधिकारी, आवश्यक समझी जाने वाली जांच करने के पश्चात् तथा इन नियमों से संलग्न अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट शुल्क के भुगतान पर, प्ररूप सीसी–टी में परमिट जारी कर सकेगा।

(ग) परमिटधारक अपने परमिट में विनिर्दिष्ट कैनबिस उपज केवल इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्तिप्राप्त स्रोतों से ही प्राप्त करेगा।

(घ) कैनबिस की प्रत्येक खेप के साथ संबंधित भाण्डागार (वेयरहाउस) के प्रभारी सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी अथवा राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी द्वारा प्ररूप सीसी–पी में जारी परिपत्र अनिवार्य रूप से संलग्न होगा।

(ङ) कैनबिस (चरस एवं गांजा को उपवर्जित करके) का समस्त परिवहन, यथास्थिति, केवल जी.पी.एस. सक्षम यत्रों के माध्यम से ही किया जाएगा।

(8) अनुज्ञप्ति में संशोधनः– प्ररूप सीसी–एम कैनबिस के प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्ति का कोई भी धारक, अनुज्ञप्ति में संशोधन के लिए संबंधित जिला आबकारी अधिकारी के माध्यम से सक्षम अनुज्ञप्ति प्रदाता प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। अनुज्ञप्ति प्रदान करने वाला प्राधिकारी, ऐसा करने के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करने के पश्चात, उपयुक्त आदेश पारित करेगा। अनुज्ञप्ति में संशोधन केवल निम्नलिखित विषयों के संबंध में ही किया जा सकेगा, अर्थाता.—

(क) उस स्थल अथवा स्थल के भीतर स्थित भवन के पते में परिवर्तन, जहां अनुज्ञप्ति के अधीन गतिविधि संचालित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, अथवा

(ख) यथास्थिति, स्वामी, भागीदार, निदेशक, क्लब सोसायटी अथवा अन्य विधिक इकाई के नाम में परिवर्तनः

परन्तु यह कि, यदि अनुज्ञप्तिधारक स्थल योजना में ऐसा परिवर्तन करना चाहता है, जिसके कारण भौतिक सुरक्षा संबंधी उपायों में परिवर्तन अथवा अतिरिक्त

सुरक्षा उपाय किए जाने की आवश्यकता हो, तो वह उक्त परिवर्तन के लिए आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करेगा।

(9) अनुज्ञप्तिधारक की पहचान.—

(क) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारक, कैनबिस से संबंधित सभी कार्यों, जिनमें विज्ञापन, क्रय आदेश, प्रेषण दस्तावेज तथा चालान सम्मिलित हैं, में अपनी पहचान उसी नाम से करेगा, जो उसकी अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट है।

(ख) अनुज्ञप्तिधारक अथवा कंपनी के निदेशक, यथास्थिति, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा जहा आवश्यक हो, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी निदेशक पहचान संख्या के रूप में अपनी पहचान का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे।

(10) कैनबिस की खेती, प्रसंस्करण एवं विनिर्माण पर प्रतिबंधः—कोई भी व्यक्ति इन नियमों के अधीन प्रदत्त अनुज्ञप्ति की शर्तों के अनुसार किए जाने के अतिरिक्त कैनबिस की खेती, प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण में संलग्न नहीं होगा।

(11) शास्ति संबंधी उपबंध—

(क) यदि इन नियमों के अधीन कोई अनुज्ञप्तिधारक इन नियमों में विनिर्दिष्ट लेखों एवं अभिलेखों का संधारण करने अथवा समय पर विवरणियां प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों में अन्यथा उपबंधित न होने की दशा में, वह बीस हजार रुपये से कम तथा पचास हजार रुपये से अधिक नहीं की शास्ति का भागी होगा।

(ख) इस नियम के पूर्वगामी उपबंध के अधीन शास्ति अधिरोपित करने से पूर्व समाहर्ता (आबकारी) द्वारा संबंधित अनुज्ञप्तिधारक को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा।

(12) विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई द्वारा विभिन्न कैनबिस उपज पर देय फीस.—

(क) प्ररूप सीसी–एम में अनुज्ञप्ति प्राप्त प्रत्येक विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई, अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक के भण्डारणगार से अपने परिसर तक कैनबिस उपज प्राप्त करने हेतु परमिट प्राप्त करने से पूर्व, सरकार को प्राप्त की गई कच्ची अथवा अर्ध–प्रसंस्कृत कैनबिस उपज पर पच्चीस रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्राप्ति फीस का भुगतान करेगी।

(ख) इसके अतिरिक्त, विनिर्माण इकाई कैनबिस तथा अन्य सभी कैनबिस उत्पादों के उत्पादन पर, विधि के अधीन लागू अन्य सभी शुल्कों एवं अधिरोपणों के अतिरिक्त, शुल्क योग्य राशि के पंद्रह प्रतिशत के बराबर उत्पादन शुल्क सरकार को अदा करेगी। यह उत्पादन शुल्क संबंधित माह की मासिक विवरणी प्रस्तुत करने से पूर्व शासकीय कोषागार में जमा किया जाएगा।

(13) कैनबिस उपज के विनाश की प्रक्रिया.—

(क) जब इन नियमों के अधीन प्राधिकृत किसी अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई के कब्जे में विद्यमान कोई कैनबिस उपज अथवा उत्पाद

उपयोग के लिए अनुपयुक्त पाया जाता है, तो ऐसी इकाई उसे विनाश के लिए तत्काल प्राधिकृत आबकारी अधिकारी को सुपुर्द करेगी। आबकारी अधिकारी इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी के माध्यम से समाहर्ता (आबकारी) को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। जिला आबकारी अधिकारी का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर समाहर्ता (आबकारी) उक्त उपज अथवा उत्पाद के विनाश के लिए दो आबकारी अधिकारियों तथा एक राजस्व अधिकारी की एक समिति गठित करेगा। विनाश की सम्पूर्ण प्रक्रिया का समुचित अभिलेखीकरण तथा वीडियो अभिलेखन किया जाएगा। विनाश के उपरांत समिति इस संबंध में अपना प्रतिवेदन समाहर्ता (आबकारी) को प्रस्तुत करेगी।

(ख) यदि अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माता, विनष्ट की गई उपज अथवा उत्पाद की मात्रा पर प्राप्ति शुल्क तथा उत्पादन शुल्क का भुगतान कर चुका हो, तो उसके आवेदन पर समाहर्ता (आबकारी), अपने द्वारा निर्धारित सीमा तक, उक्त प्राप्ति शुल्क एवं उत्पादन शुल्क की धन वापसी का आदेश पारित कर सकेगा।

(14) उत्पादन शुल्क का भुगतान तथा विवरणिया प्रस्तुत करना.—

प्रत्येक कैनबिस विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई माह के दौरान उत्पादित कैनबिस तेल अथवा निष्कर्षित टी.एच.सी. पर देय उत्पादन शुल्क का भुगतान करेगी। वह प्रत्येक अनुवर्ती माह के तीस दिवस के भीतर विहित प्ररुप में मासिक विवरणी प्रस्तुत करेगी, जिसमें अपने द्वारा किए गए क्रय, उत्पादन तथा विक्रय का पूर्ण विवरण अंकित करेगी। जिस अनुज्ञप्तिधारक के पास एक से अधिक अनुज्ञप्तिया होंगी, वह प्रत्येक अनुज्ञप्ति के लिए पृथक् विवरणी प्रस्तुत करेगा।"।

30—ख. अनुज्ञप्तियों के अनुदान एवं नवीकरण को नियंत्रित करने वाले विनियम.—

1. प्रत्येक अनुज्ञप्ति किसी निश्चित अनुज्ञप्तिधारक को किसी विनिर्दिष्ट परिसर के संबंध में प्रदान की जाएगी।

2. अनुज्ञप्ति केवल निम्नलिखित को प्रदान की जा सकेगी, अर्थात्—

(i) किसी व्यक्ति को;

(ii) भारतीय कंपनी अधिनियम के अधीन निगमित किसी कंपनी को;

(iii) हिमाचल प्रदेश सहकारी समितिया अधिनियम के अधीन पंजीकृत किसी सहकारी समिति को;

(iv) किसी साझेदारी फर्म को;

(v) किसी हिन्दू अविभाजित परिवार को;

(vi) किसी पट्टाधारक को;

(vii) किसी सरकारी विभाग कोः तथा

(viii) किसी सरकारी वचनबंध को।

3. किसी व्यक्ति को अथवा किसी निगमित निकाय की दशा में उसके किसी भी निदेशक या भागीदार को अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी, यदि वह किसी भी विधि के अधीन नैतिक अधमता भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन, शक्ति अथवा पद के दुरुपयोग, प्रभाव के दुरुपयोग अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया हो।

4. जब उपर्युक्त खंड 2 में निर्दिष्ट किसी कंपनी, सहकारी समिति, हिन्दू अविभाजित परिवार, शासकीय विभाग अथवा शासकीय वचनबंध को अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है, तब अनुज्ञप्ति में ऐसे व्यक्ति का नाम अभिकर्ता के रूप में अंकित किया जाएगा, जो अनुज्ञप्तिधारक की ओर से कार्य करेगा तथा जो भारत के आपराधिक न्यायालयों के अधिकार–क्षेत्र के प्रति पूर्णतः उत्तरदायी होगा। संबंधित कंपनी, सहकारी समिति, हिन्दू अविभाजित परिवार, शासकीय विभाग अथवा शासकीय वचनबंध के आवेदन पर, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति प्रदान करने अथवा उसका नवीकरण करने के लिए सक्षम प्राधिकारी ऐसे प्रतिनिधि अभिकर्ता को परिवर्तित कर सकेगा।

5. जब किसी ऐसे सांझेदारी फर्म को, जो किसी अधिनियम के अधीन निगमित नहीं है, अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है, तब उस सांझेदारी फर्म के सभी भागीदारों के नाम अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

6. सांझेदारी की दशा में, सभी मूल भागीदारों के लिखित आवेदन पर, अनुज्ञप्ति का नवीकरण करने के लिए सक्षम प्राधिकारी किसी भागीदार को किसी भी समय जोड सकेगा अथवा हटा सकेगा।

7. सांझेदारी फर्म को प्रदत्र अनुज्ञप्ति, सांझेदारी के विघटन पर समाप्त होने योग्य होगी; तथापि, इससे सरकार को हुई किसी हानि के लिए तथा सांझेदारी फर्म द्वारा सरकार के प्रति उपगत सभी दायित्वों के निर्वहन के लिए भागीदारों का संयुक्त एवं पृथक् उत्तरदायित्व अप्रभावित रहेगा।

8. किसी अनुज्ञप्ति का नवीकरण तब माना जाएगा, जब सक्षम प्राधिकारी उसकी वैधता अवधि समाप्त होने के पश्चात् उसी अनुज्ञप्तिधारक को उसी परिसर के संबंध में उसे जारी रहने की अनुमति प्रदान करे, और जहां कोई अनुज्ञप्ति समर्पण, निरस्तीकरण, नवीकरण न किए जाने अथवा किसी अन्य कारण से समाप्त होने योग्य हो गई हो, अथवा जहां ऐसे परिसर या ऐसे व्यक्ति के संबंध में, जिसे पूर्व में अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की गई थी, अनुज्ञप्ति जारी किया जाना प्रस्तावित हो, वहां नई अनुज्ञप्ति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

5. नियम 33 का संशोधन.—उक्त नियमों में, नियम 33 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थाता—

"33. औषधीय अथवा वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस उपज का कब्जा, परिवहन आदि.—

औषधीय अथवा वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस का कब्जा, परिवहन, अंतर्राज्यीय आयात, अंतर्राज्यीय निर्यात, क्रय, उपभोग अथवा उपयोग निम्नलिखित निबंधनों एवं शर्तों के अधीन होगा, अर्थात्,—

1. अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक द्वारा परिवहन.—कैनबिस की खेती हेतु अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक, इन नियमों के अधीन संबंधित जिला आबकारी अधिकारी प्ररूप सीसी–टी में परिवहन परमिट

तथा संबंधित सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी अथवा राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी से सीसी–पी में परिपत्र प्राप्त करने के उपरांत, अपने भाण्डागार से अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माता तक अपनी उपज (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) का परिवहन कर सकेगा। परिवहन के दौरान कैनबिस की सुरक्षित अभिरक्षा का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक का होगा। जिला आबकारी अधिकारी परिवहन परमिट चार प्रतियों में तैयार करेगा। इनमें से एक प्रति आवेदक को प्रदान की जाएगी; दूसरी प्रति विनिर्माण इकाई के प्रभारी अधिकारी को प्रेषित की जाएगी; तीसरी प्रति, यथास्थिति, उस बंदरगाह अथवा उस स्थान पर स्थित आबकारी प्राधिकारी को भेजी जाएगी जहां डिपो स्थित है, तथा चौथी प्रति जिला आबकारी अधिकारी अपने अभिलेख हेतु सुरक्षित रखेगा।

2. अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक द्वारा विक्रयः– कोई भी अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषक इन नियमों में अन्यथा उपबंधित किए जाने के अतिरिक्त कटाई की गई कच्ची अथवा अर्ध–प्रसंस्कृत कैनबिस उपज का निस्तारण नहीं करेगा।

3. व्यक्ति द्वारा कब्जाः– परिवहन के प्रयोजनार्थ, कोई भी व्यक्ति उस मात्रा से अधिक कैनबिस उपज का कब्जा नहीं रखेगा, जिसके परिवहन अथवा अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माता या प्रसंस्करण इकाई को आपूर्ति किए जाने के लिए उसे प्राधिकृत किया गया है।

4. अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई द्वारा कैनबिस का परिवहन

(क) जिला आबकारी अधिकारी, किसी भी अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई को इन नियमों से संलग्न प्ररूप सीसी–टी में, परमिट में विनिर्दिष्ट कटाई की गई कैनबिस उपज के परिवहन हेतु परमिट प्रदान कर सकेगा।

(ख) खंड (i) के अधीन परमिट प्रदान करते समय जिला आबकारी अधिकारी परमिट चार प्रतियों में तैयार करेगा। इनमें से जिला आबकारी अधिकारी तीन प्रतियां अनुज्ञप्ति तैयार होगा, एक प्रति आवेदक को प्रदान की जाएगी; दूसरी प्रति विनिर्माण इकाई के प्रभारी अधिकारी को भेजी जाएगी; तीसरी प्रति, यथास्थिति, उस बंदरगाह अथवा उस स्थान के आबकारी प्राधिकारी को भेजी जाएगी जहां डिपो स्थित है; और चौथी प्रति जिला आबकारी अधिकारी अपने अभिलेख हेतु सुरक्षित रखेगा।

(ग) अनुज्ञप्तिप्राप्त विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण इकाई के पक्ष में प्ररूप सीसी–टी में जारी परिवहन परमिट में उस जिले के अनुज्ञप्तिप्राप्त कृषकों के नाम विनिर्दिष्ट किए जाएंगे, जिनसे कटाई की गई उपज प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है।

(घ) परमिट जारी करने वाला प्राधिकारी एक रजिस्टर संधारित करेगा, जिसमें उसके द्वारा जारी किए गए समस्त परमिटों का पूर्ण अभिलेख रखा जाएगा।

(ङ) कटाई की गई कैनबिस की प्रत्येक खेप के साथ भाण्डागार के प्रभारी सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी अथवा राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी द्वारा प्ररूप सीसी–पी में जारी परिपत्र अनिवार्य रूप में संलग्न होगा। भाण्डागार का प्रभारी एएसटीइओ / एसटीइओ उक्त परिपत्र चार प्रतियों में तैयार करेगा, जिनमें से एक प्रति आवेदक को प्रदान की जाएगी, दूसरी प्रति विनिर्माण इकाई के प्रभारी अधिकारी को भेजी जाएगी, तीसरी प्रति, यथास्थिति, उस बंदरगाह उस स्थान के आबकारी प्राधिकारी को भेजी जाएगी जहां डिपो या स्थित है; चौथी प्रति भाण्डागार के प्रभारी एएसटीइओ / एसटीइओ अपने अभिलेख हेतु सुरक्षित रखेगा।

(5) मार्ग में खेप का निरीक्षण.—राज्य कर एवं आबकारी विभाग का सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी या उससे उच्च श्रेणी का कोई भी अधिकारी, किसी भी समय परिवहनाधीन कैनबिस की किसी भी खेप का निरीक्षण कर सकेगा। यदि ऐसे निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी यह पाता है कि परिवहनाधीन कैनबिस की मात्रा इन नियमों के अधीन जारी परमिट एवं परिपत्र की शर्तों एवं निबंधनों के अनुरूप नहीं है, तो वह उक्त खेप को अभिरुद्ध करेगा तथा इसकी सूचना समाहर्ता आबकारी को देगा। समाहर्ता (आबकारी), परमिट एवं परिपत्र धारक को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने के उपरांत, उक्त खेप को समपहत कर सकेगा। इन निबंधनों एवं शर्तों के अधीन की गई ऐसी कार्यवाही, स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत किसी अपराध के लिए परमिट एवं परिपत्र धारक के विरुद्ध अभियोजन चलाए जाने में किसी प्रकार की बाधा नहीं मानी जाएगी।

6. नियम 33–क से 33–ज तक का अंतःस्थापन.—उक्त नियमों में, नियम 33 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्—

33–क. अनुज्ञप्ति का समर्पण, निलंबन एवं निरस्तीकरण.—

(1) यदि इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कोई अनुज्ञप्तिधारक अपनी अनुज्ञप्ति का समर्पण करना चाहता है, तो वह अपनी ऐसी मंशा की लिखित सूचना अनुज्ञप्ति प्रदान करने वाले प्राधिकारी को देगा। उक्त प्राधिकारी, आवश्यक समझी जाने वाली जांच करने के पश्चात, अनुज्ञप्तिधारक से सूचना प्राप्त होने की तिथि से पंद्रह दिवस के भीतर अनुज्ञप्ति निरस्त करेगा।

(2) यदि इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कोई अनुज्ञप्तिधारक इन नियमों के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है, तो उसे युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् उसकी अनुज्ञप्ति तत्काल निरस्त कर दी जाएगी तथा उसके विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी।

(3) जब इस नियम के अधीन कोई अनुज्ञप्ति इन नियमों के नियम 54(1) के अधीन निलंबित अथवा निरस्त कर दी जाती है, तब ऐसी अनुज्ञप्ति धारण करने वाला अनुज्ञप्तिधारक अपने कब्जे में विद्यमान समस्त कैनबिस उपज प्राधिकृत आबकारी अधिकारी को सुपुर्द करेगा। प्राधिकृत आबकारी अधिकारी इस संबंध में समाहर्ता (आबकारी) को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा तथा समाहर्ता (आबकारी), राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से उसका निस्तारण करेगा।

33–ख छूटः पूर्वगामी नियमों में निहित कोई भी उपबंध राज्य सरकार द्वारा कैनबिस के क्रय, कब्जे अथवा विक्रय पर लागू नहीं होगा।

33–ग अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसरों का निरीक्षण.—राज्य कर एवं आबकारी विभाग का सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी या उससे उच्च श्रेणी का कोई अधिकारी तथा उप निदेशक, कृषि द्वारा पदाभिहित कृषि विकास अधिकारी अथवा कृषि प्रसार अधिकारी या उससे उच्च श्रेणी का कोई अधिकारी, दिन अथवा रात्रि में किसी भी समय तथा अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह कम–से–कम एक बार, निम्नलिखित अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसरों में प्रवेश कर उनका निरीक्षण कर सकेगा–

(क) खेती एवं भाण्डागार क्षेत्र;

(ख) प्रसंस्करण अथवा विनिर्माण इकाई;

(ग) अनुसंधान एवं विश्लेषणात्मक परीक्षण क्षेत्र।

यदि उपर्युक्त अनुज्ञप्तिप्राप्त परिसरों में किसी प्रकार का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित प्राधिकारी स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुरूप उपयुक्त कार्यवाही करेगा।

33–घ समपहत वस्तुओं अथवा सामग्री का निस्तारण.—अधिनियम अथवा इन नियमों के अधीन समपहत किए गए, मादक औषधि से भिन्न सभी वाहन, वस्तुएं अथवा अन्य सामग्री का, जहां अधिनियम में अन्यथा उपबंधित न हो, समाहर्ता (आबकारी) अथवा जिला आबकारी अधिकारी द्वारा राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से निस्तारण किया जाएगा।

33–ङ देयों की भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूली.—इन नियमों के अधीन देय कोई भी परमिट शुल्क, अनुज्ञप्ति शुल्क, शास्ति अथवा अन्य कोई देय राशि, हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 के उपबंधों के अनुसार भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जा सकेगी।

33–च अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन.—अनुज्ञप्तिधारक तथा परमिटधारक अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए इन नियमों के सभी उपबंधों का अनुपालन करेंगे। अधिनियम अथवा इन नियमों के किसी भी उपबंध का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में अनुज्ञप्तिधारक अथवा परमिटधारक के विरुद्ध अधिनियम तथा इन नियमों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

33–छ व्यक्तिगत उपयोग पर प्रतिबंधः– अनुज्ञप्तिधारक तथा परमिटधारक अपने खेत में उगाए गए कैनबिस पौधे से औषधीय एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए अनुमत भाग के अतिरिक्त किसी अन्य भाग का उपयोग, उपभोग, विक्रय अथवा परिवहन नहीं करेंगे तथा न ही किसी अन्य व्यक्ति को ऐसा उपयोग, उपभोग अथवा विक्रय करने की अनुमति देंगे। अनुज्ञप्तिधारक अपने खेत में उगाए गए पौधे के किसी भी भाग का भण्डारण, परिवहन अथवा निस्तारण इन नियमों के उपबंधों के अनुसार करेगा।

33–ज सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही का संरक्षण.—अधिनियम, उसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा उनके अधीन किए गए किसी आदेश के अंतर्गत सद्भावपूर्वक किए गए अथवा किए जाने के लिए आशयित किसी कार्य के संबंध में राज्य सरकार, राज्य सरकार के किसी अधिकारी अथवा किसी अन्य ऐसे व्यक्ति, जो इस अधिनियम, नियमों या आदेश के अधीन कोई शक्ति का प्रयोग कर रहा हो अथवा कोई कर्तव्य या दायित्व निर्वहन कर रहा हो, के विरुद्ध कोई वाद, अभियोजन अथवा अन्य विधिक कार्यवाही संस्थित, आरंभ अथवा संचालित नहीं की जाएगी।"।

7. नियम 34–क से 34–ग तक का अंतःस्थापन.—उक्त नियमों में, नियम 34 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्—

"34–क (क) राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा एक राज्य स्तरीय समीक्षा समिति का गठन करेगी, जो गैर–मादक प्रयोजनों हेतु कैनबिस की खेती, भण्डारण, विनिर्माण एवं प्रसंस्करण, परिवहन तथा अनुसंधान के विनियमन से संबंधित प्रक्रियाओं, जैसे–बीज बैंक की स्थापना, बीज वितरण, उपज की खरीद, औद्योगिक एवं औषधीय इकाइयों की स्थापना, शुल्क / उपकर का निर्धारण, परामर्शदाताओं की नियुक्ति, समितियों का गठन, व्यवसाय सुगमता हेतु प्रक्रिया पुनः अभिकल्पन आदि के संबंध में निर्णय लेने हेतु एकल खिडकी प्रणाली उपलब्ध कराएगी तथा संबंधित विभागों को अनुशंसा / सुझाव प्रस्तुत करेगी।

(ख) राज्य स्तरीय समीक्षा समिति में निम्नलिखित अधिकारी सम्मिलित होंगे—

क्रम संख्या	पदनाम	पद
1.	हिमाचल प्रदेश सरकार, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के प्रशासनिक सचिव	अध्यक्ष
2.	हिमाचल प्रदेश सरकार, कृषि विभाग के प्रशासनिक सचिव	सदस्य
3.	हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्व विभाग के प्रशासनिक सचिव	सदस्य
4.	ए.डी.जी.पी. सी.आई.डी एवं अध्यक्ष, ए.एन.टी.एफ.	सदस्य
5.	आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी हिमाचल प्रदेश	सदस्य सचिव
6.	निदेशक, उद्यान विभाग, हिमाचल प्रदेश	सदस्य
7.	निदेशक, कृषि विभाग, हिमाचल प्रदेश	सदस्य
8.	निदेशक, उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश	सदस्य
9.	निदेशक (आयुष)–एवं–अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं, हिमाचल प्रदेश	सदस्य
10.	निदेशक,सी.एस. के. कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश तथा डॉ. वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय, नौणी, हिमाचल प्रदेश अथवा उनके नामित प्रतिनिधि	सदस्य
11.	राज्य औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, हिमाचल प्रदेश	सदस्य

राज्य सरकार, उचित कृत्य के निष्पादन के लिए आवश्यक समझे जाने पर. अधिसूचना द्वारा उप–नियम (क) में उल्लिखित प्राधिकारी में किसी सदस्य को सम्मिलित अथवा हटाने का आदेश दे सकेगी। राज्य स्तरीय समीक्षा समिति प्रगति की समीक्षा हेतु प्रत्येक छह माह में कम–से–कम एक बार बैठक आयोजित करेगी।

34–ख राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा एक जिला स्तरीय समिति का गठन करेगी, जो क्षेत्र स्तर पर खेती की निगरानी करेगी – हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करेगी, क्षेत्रीय स्तर पर कैनबिस नियमों के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करेगी, तथा राज्य स्तरीय समीक्षा समिति को सुझाव / अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी।

जिला स्तरीय समिति में निम्नलिखित अधिकारी सम्मिलित होंगे—

1.	जिला दण्डाधिकारी–	अध्यक्ष
2.	पुलिस अधीक्षक–	सदस्य
3.	उप निदेशक, कृषि सदस्य–	सचिव
4.	जिला आबकारी अधिकारी–	सदस्य
5.	उप निदेशक, उद्यान विभाग–	सदस्य
6.	प्रभागीय वन अधिकारी–	सदस्य
7.	जिला राजस्व अधिकारी–	सदस्य
8.	औषधि निरीक्षक–	सदस्य
9.	जिला आयुर्वेदिक अधिकारी–	सदस्य

जिला स्तरीय समीक्षा समिति अनुपालन, जारी की गई अनुज्ञप्तियों तथा राज्य स्तरीय समिति को प्रस्तुत की जाने वाली अनुशंसाओं की समीक्षा हेतु कम–से–कम त्रैमासिक बैठकें आयोजित करेगी।

34–ग (क) कैनबिस नियमों के सुचारु कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक विनिर्माण इकाई के लिए एक सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी / राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी की तैनाती की जा सकेगी। प्रत्येक पांच कृषक अनुज्ञप्तिधारकों के लिए एक सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी / राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी की तैनाती की जा सकेगी।

(ख) प्रभावी निगरानी हेतु प्रत्येक पांच कृषक / उत्पादक अनुज्ञप्तियों के लिए एक होमगार्ड / पुलिस कर्मी और कार्यबल की तैनाती की जा सकेगी।

8. **नियम 69 के स्थान पर प्रतिस्थापन.**—नियम 69 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात, —

"69. अपील, (1) अपील निम्नलिखित प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी–

(क) जब आदेश किसी आबकारी अधिकारी द्वारा पारित किया गया हो, तब समाहर्ता (आबकारी) के समक्ष;

(ख) जब आदेश समाहर्ता (आबकारी) द्वारा पारित किया गया हो, तब राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त के समक्ष।

परन्तु यह कि

(i) जब प्रथम अपील में मूल आदेश की पुष्टि कर दी जाती है, तब उसके विरुद्ध कोई अन्य अपील नहीं होगी; तथा

(ii) जब ऐसा कोई आदेश समाहर्ता (आबकारी) द्वारा संशोधित अथवा निरस्त किया जाता है, तो आगे की अपील, यदि कोई हो, में राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त द्वारा पारित आदेश अंतिम होगा।"

9. **नियम 70 का संशोधन.**—उक्त नियमों के नियम 70 के खंड (क) में अंक "30" के स्थान पर अंक "60" प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

10. **नियम 72 का संशोधन**.—नियम 72(1) में शब्द "वित्त आयुक्त या" का लोप किया जाएगा।

11. नियम 74 के पश्चात इन नियमों में संलग्न अनुसूची–1 अन्तस्थापित की जाएगी।

12. प्ररूप एमडी–एक्स के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्

"प्ररूप सीसी–एस 1, प्ररूप सीसी–एस, प्ररूप सीसी–एस आर–1, प्ररुप सीसी–1 प्ररुप सीसी –2, प्ररूप सीसी–2क, प्ररूप सीसी–3, प्ररुप सीसी –4, प्ररुप सीसी–5, प्ररूप सीसी–एम, प्ररूप सीसी–एम सी–1, प्ररूप सीसी–एम सी–2 प्ररूप सीसी –एम सी –3, प्ररुप सीसी–एम सी –4, प्ररूप सीसी –7, प्ररूप सीसी–आर, प्ररूप सीसी–टी, प्ररूप सी सी–पी,":–

"अनुसूची–I"

क्र.सं.	अनुज्ञप्ति के प्रकार	फीस
1.	सीसी–एस (बीज प्रदायकर्ता के लिए अनुज्ञप्ति)	₹25000 / –
	नवीकरण	₹25000 / –
2.	सीसी–2 (कृषक अनुज्ञप्ति) अर्थात्: भांग की खेती (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) हेतु और चिकित्सा एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों हेतु वार्षिक अनुज्ञप्ति	₹3,00,000 / – प्रति बीघा
	चिकित्सा एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों हेतु कृषकों की अनुज्ञप्ति के लिए नवीकरण वार्षिक अनुज्ञप्ति	₹3,00,000 / – प्रति बीघा
3.	सीसी–4 भांग (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) के भाण्डागार हेतु अनुज्ञप्ति	₹10,000 / –
4.	सीसी–एम (विनिर्माण अनुज्ञप्ति) अर्थात् चिकित्सा एवं वैज्ञानिक प्रयोजनों हेतु भांग (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) के प्रसंस्करण / विनिर्माण के लिए वार्षिक अनुज्ञप्ति	₹2,00,00,000 / –
	नवीकरण	₹2,00,00,000 / –
	सीसी–एम सी–2 (विनिर्माता की कृषक अनुज्ञप्ति) अर्थात्: भांग की खेती (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) हेतु चिकित्सा और वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए वार्षिक अनुज्ञप्ति	₹10,00,000 / – प्रति बीघा
	नवीकरण	₹10,00,000 / – प्रति बीघा
	सीसी–एमसी–4, भांग के (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) भाण्डागार हेतु अनुज्ञप्ति	₹10,000 / –
5.	सीसी–आर, भांग (चरस एवं गांजा को अपवर्जित करके) के अनुसंधान और विष्लेषणात्मक परीक्षण हेतु अनुज्ञप्ति	₹1,00,000 / –
6.	सीसी–टी, कटाई की गई कैनबिस (भांग) के अनुज्ञप्ति में यथा विनिर्दिष्ट चिकित्सा और वैज्ञानिक प्रयोजन के लिए परिवहन हेतु अनुज्ञप्ति	₹2,000 / –

प्ररूप सीसी–एस 1

[नियम 29(2) देखें]

हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1989 के अधीन बीजों का क्रय, भण्डारण एवं आपूर्ति प्रदाय हेतु प्राधिकृत आपूर्तिकर्ता की अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के लिए आवेदन पत्र।

सेवा में

जिला नोडल अधिकारी
कृषि विभाग
जिला .....

सत्यापित
फोटोग्राफ
चिपकाएं

महोदय / महोदया,

हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी नियम, 1989 के अधीन कैनबिस बीजों के क्रय, भण्डारण एवं आपूर्ति प्रदाय हेतु प्राधिकृत आपूर्तिकर्ता की अनुज्ञप्ति।

1. आवेदक का नाम.....

2. पिता का नाम.....

3. स्थायी पता.....

4. प्रस्तावित दुकान का पता.....

5. आवेदक द्वारा शपथ पत्र दायर किया जाएगा कि उसे किसी अज्ञामानतीय अपराध के अधीन अभियोजित किया गया है न ही उसके विरुद्ध विधि न्यायालय में कोई मामला लम्बित है या निगमित निकाय इसके कोई निदेशक या भागीदार किसी अपराध, जिसमें नैतिक अधमता, भ्रष्टाचार, रिश्वत, धोखाधड़ी, शक्तियों या कृत्यों के दुरूपयोग, प्रभावयुक्त व्यापार अन्तर्वलित हो, दोष सिद्ध नहीं ठहराया गया हो, अथवा कि आवेदक ने स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 आवेदन करने की तारीख के पश्चात् वर्गीकरण वर्षों के दौरान किए गए अपराध के लिए दोषसिद्ध नहीं ठहराया गया है। यदि कोई व्यक्ति या निदेशक अथवा नियमित निकाय का निदेषक या भागीदार नियमित रूप से पुर्ननिवेषन के किसी शासकीय कार्यक्रम में लगा हुआ हो तो यह उपबन्ध लागू नहीं होगा।

स्थान..... हस्ताक्षर.....

नाम.....

पता.....

तारीख..... मोबाइल नम्बर.....

————————

प्ररूप सीसी–एस

[नियम 29(2)देखें]

हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1989 के अधीन कैनबिस (भांग) के प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता के लिए अनुज्ञप्ति।

रजिस्टर संख्या.....

अनुज्ञप्तिधारक का नाम.....

सुपुत्र.....

निवासी.....

राज्य.....

स्थान.....

तहसील.....

.....
जिला

को निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों पर ₹ की अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर कैनबिस (भांग) बीज विक्रय करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती हैः–

1. यह अनुज्ञप्ति .....से .....तक विधिमान्य होगी।

2. यह अनन्तरणीय होगी।

3. अनुज्ञप्ति अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों एवं जारी आदेषों के प्रावधानों का पालन करेगा।

4. समाहर्ता (आबकारी) उक्त नियमों 33–क के अनुसार अनुज्ञप्ति रद्द कर सकेगा।

5. इस अनुज्ञप्ति का धारक प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता पूर्वोक्त नियमों के अधीन प्रारूप सीसी–2, सीएच–2, सीसी–एमसी–2, सीएच–एम–सी–2 और सीसी–आर में अनुज्ञप्ति धारक अनुज्ञप्तियों से अन्यथा अनुज्ञप्तिधारियों को बीज का विक्रय करने हेतु प्राधिकृत नहीं होगा।

6. इस अनुज्ञप्ति का धारक प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता अपने परिसरों में केवल उन्ही बीजों का ही भण्डारण करेगा जिनकी बाबत प्राधिकृत प्रयोगशाला से विष्लेषण का प्रमाणपत्र और भारत के बाहर से आयातित बीजों की दशा में आयात के दस्तावेजों के साथ प्राप्त प्रमाणपत्र अभिप्राप्त किया है। प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता सुनिश्चित करेगा कि आयायित बीज और भारत में उत्पादित बीज स्पष्टता वर्गीकृत किए गए हैं। पृथक्कीकृत किए गए हैं और पृथकतः भण्डारित किए गए हैं। अनुज्ञप्ति धारी वैध परिवहन अनुज्ञा–पत्र (परमिट) के बिना अपनी उपज के किसी भी भाग का परिवहन नहीं करेगा।

7. प्राधिकृत बीज प्रदायकर्ता बीजों के उपापन के सम्बन्ध में अभिलेख रखेगा और समय–समय पर प्राप्त विक्रीत और स्टाक में रखे बीजों के लेखे इन नियमों के अधीन आयुक्त द्वारा विहित किए जाने वाले रजिस्टर में अनुरक्षित करेगा और मांग पर उन्हें आबकारी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

जारी करने की तिथिः

समाहर्ता (आबकारी)
जारी करने वाला प्राधिकारी

————————

प्ररूप सीसी–एस आर–1

[नियम 29(2)]

कैनबिस (भांग) बीज का स्टाक रजिस्टर

प्राप्त बीज की मात्रा का ब्यौरा

तारीख	दिन के प्रारम्भ में मात्रा प्रारम्भिक अधिशेष	क्रम संख्या	मात्रा	जिससे प्राप्त हुआ तारीख और समय सहित व्यक्ति का नाम और पता	प्रेषण नोट बिल नम्बर तारीख	बीज की मात्रा की बाबत प्रयोगशाला प्रमाणपत्र की रिपोर्ट	स्टॉक की ग्राम / किलोग्राम में कुल मात्रा

बिक्रीत / वितरित / उपयुक्त बीजों की मात्रा के ब्यौरे।

क्रम संख्या	मात्रा	जिस बिक्रीत / उपयुक्त किए गए व्यक्ति का नाम और पता तथा परिसर की अवस्थिति भी दी जाए	तारीख और समय के साथ जारी किए गए प्रेषण नोट / बीजक के साथ परिवहन की पद्धति तथा मान संख्या	समाप्त होने वाले दिन की समाप्ति पर स्टाक की मात्रा	आद्याक्षर

टिप्पणी:— मात्रा ग्रामों / किलोग्राम इत्यादि में उपदर्शित की जाएगी।

दिन–प्रतिदिन आधार पर रिकार्ड का अनुरक्षण किया जाएगा और प्रविष्टियां स्थापनों पर प्रत्येक उस दिन का की जाएगी जब वे कार्य के लिए खुले हैं, इस बात को विचार में लाए बिना कि उनमें कोई सव्यवहार होता है या नहीं को की जाएगी और प्रविष्टियां दिन समाप्त होंनें से पूर्व प्रत्येक दिन की जाएगी तथा प्रभारी रजिस्टर में अपने आद्याक्षर करेगा।

प्रविष्टयां की जाएगी कि वे कार्य के लिए खुली है उस बात को विचार में लिए बिना कि इसमें कोई संव्यवहार हुआ है या नहीं और प्रविष्टियां प्रत्येक दिन के लिए दिन समाप्त होंनें से पूर्व पूर्ण कर ली गई हैं तथा प्रभारी रजिस्टर में आद्याक्षर करेगा।

रजिस्टर में (अनवरत) पृष्ठ संख्यांक होंगे।

———————————

प्ररूप सीसी–1

(नियम 29 देखें)

हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ नियमों, 1989 के अधीन चिकित्सीय और वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस (चरस और गांजा को अपवर्जित करके) की खेती के लिए अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन ।

सेवा में,

जिला नोडल अधिकारी
कृषि विभाग
.....
जिला

सत्यापित फोटोग्राफ चिपकाए

महोदय / महोदया,

कृपया हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनः प्रभावी नियम, 1989 के अधीन कैनबिस की खेती के लिए, अनुज्ञप्ति जारी करें।

1. आवेदक का नाम .....
2. पिता का नाम .....
3. पता .....
4. भूमि के ब्यौरे जहां पर कैनबिस की खेती की जानी है .....

5. खसरा एव खतौनी संख्या.....

6. जीपीएस निर्देशांक के सहित भूमि का क्षेत्र.....

7. गोदाम के ब्यौरे.....

8. अनुज्ञप्ति फीस का ब्यौरा.....रुपये का (कोष संख्या) और हिम एवं जी.आर.एल. संख्या.....

9. आवेदक द्वारा शपथ पत्र दायर किया जाएगा कि उसे न तो किसी अजामानतीय अपराध के अधीन अनियोजित किया गया हो न ही उसके विरुद्ध विधि न्यायालय में कोई मामला लम्बित है तथा इस आशय का भी कि आवेदक स्वापक औशधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार उपज / उपोत्पादों की खेती करने और निपटान करने हेतु एकल रूप से उत्तरदायी होगा।

स्थान..... हस्ताक्षर.....

नाम.....

पता.....

तारीख..... मोबाइल नम्बर.....

———————————

प्ररूप सीसी–2

(नियम 29 देखें)

हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1989 के अधीन चिकित्सीय या वैज्ञानिक प्रयाजनों के लिए कैनबिस (भांग) (चरस और गांजा को अपवर्जित करके) की खेती के लिए अनुज्ञप्ति

रजिस्टर संख्या.....

अनुज्ञप्तिधारक का नाम.....

सुपुत्र श्री..... निवासी..... राज्य..... .स्थान.....

तहसील..... जिला..... भूमि का ब्यौरा..... भूमि का क्षेत्र..... खसरा संख्या.....
खतौनी संख्या.....जीपीएस निर्देशांक.....को निम्नलिखित निबधनों शर्तों पर ..... रुपये की अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर कैनबिस (भांग) चरस और गांजा को अपवर्जित करके) की खेती करने की अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है–

1. यह अनुज्ञप्ति .....से .....तक विधिमानय रहेगी।

2. अनुज्ञप्ति अनंतरणीय होगी।

3. अनुज्ञप्तिधारी स्वापक औषधि और मनःप्रभावी अधिनियम, 1985 के अधीन बनाए गए नियमों एवं जारी विनियमों का पालन करेंगे।

4. समाहर्ता (कलैक्टर) नियम 33–क के अधीन अनुज्ञप्ति रद्द कर सकेगा।

5. अनुज्ञाप्तिधारी कैनबिस या उसके किसी भाग का उपयोग हो तो अपने निजी उपयोग के लिए करेगा न किसी अन्य व्यक्ति को इसके किसी भाग का उपयोग करना अनुज्ञात करेगा।

6. अनुज्ञाप्तिधारी अधिनियम और इन नियमों के अनुसार अपने उत्पादों का समुचित अभिलेख अनुरक्षित करेगा।

7. अनुज्ञाप्तिधारी उसके उत्पाद के किसी भाग के विधिमान्य परिवहन अनुज्ञाप्तियों के बिना परिवहित नहीं करेगा।

8. अनुज्ञाप्तिधारी, अनुज्ञाप्त परिसरों खेतों से अन्यथा किसी अन्य खेत में कैनबिस (भांग चरस और गांजा को अपवर्जित करके) की खेती नहीं करेगा।

9. अनुज्ञाप्तिधारी इन नियमों के अधीन उपबंधित सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करेगा।

जारी करने की तिथिः

समाहर्ता (आबकारी)
जारी करने वाला प्राधिकारी।

———————————

प्ररूप सीसी–2 क
(नियम 29 और 30 क देखें)

कैनबिस के पौधों की कटाई का अभिलेख

अनुज्ञप्तिधारी खेतीहर द्वारा अनुरक्षित किए जाने वाले हरित वानस्पतिक सामग्री के तारीखवार अभिलेख

बैच संख्या	तारीख	समय	भार (किलोग्राम में)	पदाभिहीत आबकारी अधिकारी द्वारा निरीक्षण के पश्चात् टिप्पणी, यदि कोई हो

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा पदाभिहीत आबकारी अधिकारी द्वार मापे जाने के पश्चात् अनुरक्षित किए जाने वाले सूखी वानस्पतिक सामग्री के अभिलेख

बैच संख्या	तारीख	समय	भार (किलोग्राम में)	अनुज्ञप्तिधारी के प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर	पदाभिहीत आबकारी अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप सीसी–3
[नियम 29 (9) देखें]

हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ नियम, 1989 के अधीन चिकित्सीय या वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए कैनबिस (भांग, चरस और गांजा को अपवर्जित करके) के भाण्डागार के लिए अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन

सेवा में

जिला नोडल अधिकारी
कृषि विभाग
जिला

अनुप्रमाणित
फोटाग्राफ
चिपकाएं

श्रीमान / श्रीमती,

कृपया उपरोक्त नियमों के अधीन कैनबिस के गोदाम के लिए अनुज्ञप्ति जारी करें।

1. आवेदक का नाम.....
2. पिता का नाम.....
3. पता.....
4. भाण्डागार के ब्यौरे जहां पर कैनबिस भण्डारित किया जाना है
5. जीपीएस निर्देशांक के सहित भूमि का क्षेत्र
6. .....रुपये की अनुज्ञाप्ति फीस का ब्यौरा (कोष संख्या तारीख और हिम एवं जी.आर.एन. संख्या.....
7. खेतीहर के अनुज्ञाप्ति के ब्यौरे (अनुज्ञाप्ति संख्या और तारीख जब जारी किया गया)

आवेदक द्वारा शपथ पत्र दाखिल किया जाएगा कि उसे किसी अजमानतीय अपराध के अधीन न तो अभियोजित किया गया हो न ही उसके विरुद्ध विधिक न्यायालय में कोई मामला लम्बित है तथा इस आशय का भी कि आवेदक स्वापक आषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और पूर्वोक्त नियमों के उपबन्धों के अनुसार उपज / उपोत्पादों की खेती करने और निपटान करने हेतु एकल रूप से उत्तरदायी होगा।

स्थान..... हस्ताक्षर.....

नाम.....

पता.....

तारीख..... मोबाइल नम्बर.....

————————

"प्ररूप सीसी–एस 4"

[नियम 29 (9) देखें]

